


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 19 मई 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 111 | मूल्य - 5 रुपये









## महाराष्ट्र में विधान परिषद की 16 सीटों पर 18 जून को होगा मतदान..

**मुंबई, (भाषा)।**

भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार 18 मई को घोषणा कर दी कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्रों से विधान परिषद की 16 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को आयोजित किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना के अनुसार, नामांकन दाखिल करने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर शुरू हो जाएगी जिसके बाद 18 जून को मतदान होगा और 22 जून को मतगणना होगी। नामांकन पत्रों की जांच दो जून को होगी और उम्मीदवार चार जून तक नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। चुनाव वाले 16 स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्रों में सोलापुर, अहमदनगर, ठाणे, जलगांव, सांगली-सातारा, नांदेड़, यवतमाल, पुणे, भंडारा-गोंदिया, रायगढ़-रत्नागिरि-सिंधुदुर्ग, नासिक, वर्धा- चंद्रपुर-गढ़चिरौली, अमरावती, उस्मानाबाद -लातूर-बीड़, परभणी-हिंगोली और औरंगाबाद-जालना शामिल हैं। निर्वाचन आयोग की अधिसूचना में कहा गया है कि किसी स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव तभी कराया जा सकता है, जब उस क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले कम से कम 75 प्रतिशत स्थानीय निकाय पूरी तरह कार्यरत हों और कम से कम 75 प्रतिशत मतदाता अपने पद पर मौजूद हों।

## नीट पेपर लीक : कोचिंग सेंटर संस्थापक मोटेगांवकर 9 दिन की सीबीआई हिरासत में




नई दिल्ली। (भाषा)।

दिल्ली की एक अदालत ने नीट पेपर लीक मामले में रेनुकाई करियर सेंटर के संस्थापक शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को सोमवार को नौ दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। अदालत ने कहा कि जांच फिलहाल प्रारंभिक चरण में है। विशेष सीबीआई न्यायाधीश अजय गुप्ता ने केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा पूछताछ के लिए 10 दिनों की हिरासत मांगे जाने के बाद, आरोपी से नौ दिनों की हिरासत में पूछताछ की अनुमति दे दी।

न्यायाधीश ने केंद्रीय एजेंसी की उन दलीलों पर गौर किया, जिसमें कहा गया था कि मोटेगांवकर ने उन सभी लोगों के नामों का खुलासा नहीं किया है, जिन्हें नीट-यूजी 2026 (उसने देशभर के मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेने के लिए अनिवार्य प्रवेश परीक्षा) के लीक हुए प्रश्नपत्रों की हाथ से लिखी प्रतियां मुहैया कराई थीं। न्यायाधीश ने कहा, ÷आरोपी शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर की हिरासत इस अपराध में शामिल अन्य सह-आरोपियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए मांगी गई है। इसके साथ ही नीट 2026 परीक्षा और पेपर लीक नेटवर्क से जुड़े डिजिटल उपकरणों/डिजिटल सबूतों और बातचीत के रिकॉर्ड को बरामद करने व उनका विश्लेषण करने तथा वित्तीय लेन-देन का पता लगाने के लिए भी यह हिरासत आवश्यक है।÷ न्यायाधीश गुप्ता ने कहा कि आरोपी की हिरासत इसलिए भी मांगी गई है ताकि वह सबूतों के साथ आगे कोई छेड़छाड़ न कर सके और इस मामले से जुड़ी बड़ी साजिश का पर्दाफाश किया जा सके। इस उद्देश्य के लिए आरोपी को पुणे सहित महाराष्ट्र के अन्य स्थानों और देश के दूसरे हिस्सों में ले जाने की भी आवश्यकता है। न्यायाधीश ने कहा, जांच अभी बेहद प्रारंभिक और महत्वपूर्ण चरण में है; इसलिए, सभी विस्तृत तथ्यों व परिस्थितियों और इस आवेदन में किए गए आग्रह (पुलिस हिरासत की मांग) को ध्यान में रखते हुए, वर्तमान आवेदन को स्वीकार किया जाता है और आरोपी शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को चिकित्सकीय परीक्षण की शर्त के साथ नौ दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा जाता है। सीबीआई ने अपने आवेदन में कहा, ''शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर नीट-यूजी परीक्षा 2026 के प्रश्न पत्रों के लीक होने और उनके प्रसार में शामिल है और उसने अन्य आरोपियों के साथ साजिश रचकर परीक्षा से पहले यानी 23 अप्रैल, 2026 को रसायन विज्ञान के प्रश्न और उत्तर प्राप्त कर लिए थे। हिरासत के अनुरोध वाले पत्र में कहा गया है कि लीक हुए प्रश्न आरोपी के मोबाइल फोन में मिले हैं। इसमें कहा गया, ''शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रचते हुए लीक हुए प्रश्न पत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं की प्रतियां कई लोगों को मुहैया कराईं, जिसकी जांच जारी है।

इसमें कहा गया है, ''वह आरसीसी नाम से एक कोचिंग संस्थान चलाता है और आशंका है कि प्रश्न पत्र उसके द्वारा बड़ी संख्या में छात्रों तक लीक हुए होंगे। सह-आरोपी प्रह्लाद कुलकर्णी के साथ उसके संबंधों की भी जांच की जा रही है।''इसमें यह भी कहा गया है कि एक वीडियो भी बरामद हुआ है जिसमें आरोपी अपने कोचिंग सेंटर में यह कहते हुए दिखाई दे रहा है कि उसने छात्रों को जो प्रश्न दिए थे वे अंतिम प्रश्न पत्र में आए थे। मोटेगांवकर को रविवार शाम लातूर से गिरफ्तार किया गया। एजेंसी ने इससे पहले रसायन विज्ञान शिक्षक पी वी कुलकर्णी और जीव विज्ञान की शिक्षिका मनीषा मंधारे को गिरफ्तार किया था। एजेंसी के अनुसार, दोनों की पहचान मनीषा वाघमारे के जरिए हुई थी, जो फिलहाल सीबीआई हिरासत में है।

## गोंदिया में विधायक विनोद अग्रवाल के प्रयासों से शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का मार्ग प्रशस्त..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए गोंदिया जिले को अब शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की सौगात मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। विधायक विनोद अग्रवाल द्वारा लंबे समय से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज की मांग की जा रही थी, अंततः गोंदिया में सरकारी इंजीनियरिंग***

कॉलेज का प्रस्ताव अब शासन दरबार में प्रस्तुत किया गया है जिसकी मंजूरी हेतु विधायक विनोद प्रयासरत है। हाल ही में उच्च व तंत्र शिक्षण संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य मुंबई के पत्र क्रमांक 2/एनजीसी/शा.अभि. महा./ गोंदिया/2026 दिनांक 6 मार्च 2026 द्वारा मुख्य अपर सचिव तंत्र शिक्षण विभाग मंत्रालय मुंबई को भेजे इस प्रस्ताव पर संज्ञान लिया है और आगे की मंजूरी हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी है।

विधायक विनोद अग्रवाल की लगातार पहल और प्रयासों के चलते जिले के विद्यार्थियों के लिए अब इंजीनियर बनने का सपना अपने ही जिले में साकार हो सकेगा। इस बड़ी उपलब्धि से विद्यार्थियों, पालकों और पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। अब तक उच्च तकनीकी शिक्षा के लिए जिले के छात्रों को नागपुर, पुणे, मुंबई या अन्य बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता था। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों के लिए यह सफर बेहद कठिन साबित होता था। लेकिन अब गोंदिया में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज शुरू होने से हजारों विद्यार्थियों को अपने ही जिले में आधुनिक तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

### सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में इन पाठ्यक्रमों का होगा समावेश..

गोंदिया में शुरू होने जा रहे प्रस्तावित सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं मेकेनिकल इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रमों का समावेश रहेगा।

### बोले विधायक विनोद अग्रवाल..

विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि गोंदिया जिले को शिक्षा और विकास के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना उनका संकल्प है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार अत्याधुनिक मेडिकल कॉलेज के निर्माण से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत हुई और मेडिकल छात्रों को डॉक्टर बनने का अवसर मिला, उसी प्रकार इंजीनियरिंग कॉलेज से तकनीकी शिक्षा का नया अध्याय शुरू होगा। इससे जिले के युवा अब इंजीनियरिंग, रिसर्च और तकनीकी क्षेत्र में अपनी नई उड़ान भर सकेंगे। यह कॉलेज केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं बल्कि गोंदिया जिले के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा। आधुनिक सुविधाओं, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से यह संस्थान आने वाले समय में जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगा। सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज का मार्ग प्रशस्ति की ओर होने से गोंदिया के विकास इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ने वाली उपलब्धि है। विद्यार्थियों के चेहरों पर नए सपनों की चमक दिखाई दे रही है और युवाओं में अपने भविष्य को लेकर नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नॉर्वे का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिला..

**ओस्लो, (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को नॉर्वे के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफद रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफमेरिट' से सम्मानित किया गया। मोदी को यह सम्मान भारत-नॉर्वे संबंधों को प्रगाढ़ बनाने में उनके योगदान और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए दिया गया। यह प्रधानमंत्री को मिला 32वां विदेशी सम्मान है। नॉर्वे के महाराजा हेराल्ड पंचम ने रॉयल पैलेस में आयोजित एक विशेष समारोह में मोदी को 'ग्रैंड क्रॉस ऑफद रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफमेरिट' प्रदान किया। यह विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को दिया जाने वाला नॉर्वे का सर्वोच्च सम्मान है। इसका मकसद नॉर्वे और मानवता के हित में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित करना है। मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा, ÷ग्रैंड क्रॉस ऑफद रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफमेरिट से सम्मानित होकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। यह सम्मान भारत की जनता को समर्पित है और भारत तथा नॉर्वे के बीच अटूट मित्रता का प्रतीक है। यह वैश्विक प्रगति के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने इस सम्मान को भारत और नॉर्वे के लोगों के बीच स्नेह और सद्भावना का प्रतीक बताया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह सम्मान भारत और नॉर्वे के बीच मौजूद सद्भावना के गहरे बंधन का प्रतीक है और भविष्य में दोनों देशों के बीच मित्रता और सहयोग का मार्गदर्शन करेगा। एक दिन पहले मोदी को स्वीडन के प्रतिष्ठित 'रॉयल ऑर्डर ऑफद पोलर स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस' से सम्मानित किया गया था। उन्हें यह सम्मान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए दिया गया था। यह सम्मान विदेशी शासनाध्यक्षों को दिया जाने वाला स्वीडन का सर्वोच्च सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को स्वीडन से दो-दिवसीय यात्रा पर ओस्लो पहुंचे। मोदी की नॉर्वे की यह पहली यात्रा है। साथ ही यह पिछले 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की भी नॉर्वे की पहली यात्रा है।







## राजस्थान में भीषण गर्मी, तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

**जयपुर, (भाषा)।** राजस्थान भीषण गर्मी की चपेट में है और प्रदेश में पिलानी और चित्तौड़गढ़ सबसे गर्म स्थान रहे। दोनों जगहों पर अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, श्रीगंगानगर में तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस रहा, इसके बाद बीकानेर में 46 डिग्री, वनस्थली में 45.6 डिग्री, फतेहपुर में 45.5 डिग्री, कोटा में 45.3 डिग्री और बाड़मेर व चूरू में 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार, लगभग सभी शहरों में सोमवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। राज्य की राजधानी जयपुर में आज 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में लू जैसी स्थिति रहने का अनुमान है। विभाग ने अगले चार से पांच दिनों तक पश्चिमी, उत्तरी और पूर्वी राजस्थान में 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज धूल भरी आंधी चलने का पूर्वानुमान जताते हुए गर्मी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी है।



दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरूआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# परीक्षा के दौरान बाहरी छात्र से दिलाई गई परीक्षा - धनंजय सिंह

## दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***प्रधानमंत्री कॉलेज सिवनी में परीक्षा के दौरान बाहरी छात्र को बैठाने एवं संबंधित दोषियों पर FIR दर्ज कराने की मांग को लेकर धनंजय सिंह अध्यक्ष NSUI द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है।***




ज्ञापन में कहा गया है कि **Government PM College Seoni** में आयोजित परीक्षा के दौरान अत्यंत गंभीर लापरवाही एवं अनियमितता सामने आई है, जिसमें नियमित छात्र अनुज गहलोद के स्थान पर बाहरी व्यक्ति अजय गहलोद को परीक्षा में बैठाया गया जो की भाजपा का युवा नेता है और भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन का करीबी है और विधायक के करीबी अजय बाबा पांडेय है जो की कॉलेज के जनभागीदारी अध्यक्ष है तो यह बात पूर्णतः स्पष्ट है कि बाबा पाण्डे द्वारा अपनी धोस के चलते अपनी पार्टी के लोगो को इस तरह से लाभान्वित करा रहे है और अपने पद का दुरुपयोग कर रहे जबकि उनका जनभागीदारी अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हो चुका है।

यह घटना शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा की निष्पक्षता एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। बिना अजय बाबा पाण्डे को कॉलेज से हटाये बिना कॉलेज में अच्छी एवं सुचारू शिक्षा व्यवस्था हो पाना नामुमकिन है। जबकि इसके पहले भी आयुष बोरकर नाम के छात्र के द्वारा उत्तर पुस्तिका को घर पर ले जा कर लिख कर लाया था जो की घोर लापरवाही की श्रेणी में आता है उस समय भी सिवनी **NSUI** द्वारा तत्कालीन सिवनी कलेक्टर क्षितिज सिंघल को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया था। जिस पर छोटे कर्मचारी को निकाल कर खाना पूर्ति की गई और कुछ दिनों बाद बहाल कर दिया।

अगर सख्त कार्यवाही होती तो आज इसी तरह की घटना की पुनरावर्ती ना होती। उक्त घटना बिना परीक्षा केंद्र में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही अथवा मिलीभगत के संभव नहीं है। परीक्षा में पहचान सत्यापन एवं दस्तावेज जांच की जिम्मेदारी परीक्षा ड्यूटी में नियुक्त स्टाफ़ की होती है, इसके बावजूद ऐसी गंभीर चूक होना अत्यंत चिंताजनक है।

आवेदन में आग्रह किया गया है कि उक्त मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। कॉलेज प्राचार्य, परीक्षा नियंत्रक एवं परीक्षा ड्यूटी में नियुक्त संबंधित समस्त कर्मचारियों की भूमिका की जांच की जाए। दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों एवं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल **FIR** दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाएँ।

यह मामला विद्यार्थियों के भविष्य एवं शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा हुआ है, इसलिए इस पर शीघ्र एवं कठोर कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। उक्त आवेदन की प्रतिलिपि थाना कोतवाली को भी देकर कार्यवाही की मांग की गई है।

## कोटवार के बेटे ने सेट परीक्षा में पाई सफलता..

# प्रोफेसर बनकर साहित्य सेवा और शिक्षा का आलोक फैलाना उमेश का संकल्प..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के हिंदी विभाग के नियमित छात्र रहे उमेश वट्टी ने अपने पहले ही प्रयास में हिंदी साहित्य जैसे विस्तारित विषय में***



सेट परीक्षा उत्तीर्ण कर कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के पद पर चयनित होने की राह आसान कर ली है। प्रोफेसर बनकर साहित्य सेवा करना और सिवनी जिले के ग्रामीण युवाओं के बीच उच्च शिक्षा का उजाला फैलाना उमेश का संकल्प है। विदित हो कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग समय - समय पर शासन की आवश्यकतानुसार सेट परीक्षा ( राज्य पात्रता परीक्षा) आयोजित करता है।

ग्राम कोटवार की छोटी-सी नौकरी करते हुए पिता सोहन लाल वट्टी और माँ ज्ञानवती ने बेटे उमेश को पढ़ाई के लिए हमेशा प्रेरित किया. केवलारी तहसील के ग्राम कुचीवाड़ा निवासी उमेश ने बताया कि बचपन से ही उसने कुछ अलग करने का लक्ष्य बनाया. बताया कि सिवनी आने पर कॉलेज की पढ़ाई के दौरान उसे कैरियर निर्माण की प्रेरणा मिली. कहा कि अपने माता पिता के संघर्षपूर्ण जीवन ने कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी। उमेश का सपना कॉलेज में प्रोफेसर बनकर साहित्य सेवा और शिक्षा का उजियारा फैलाना है. उमेश ने बताया कि वह साथ में यूपीएससी की भी तैयारी कर रहा है. यदि उसे अवसर मिलेगा तो वह आईपीएस बनकर देश की सेवा करना चाहता है. उमेश का कहना है चूंकि यूपीएससी की राह बड़ी कठिन है और यदि आईपीएस न बन सका तो प्रोफेसर बनकर समाज के युवाओं को सही दिशा देने में अपने जीवन समर्पित करने का लक्ष्य तय किया है।

उमेश ने बताया कि प्रतिदिन 10 से 12 घंटों के गहन अध्ययन से कोई भी युवा कठिन परीक्षा में भी सफ्ल हो सकता है।

### गुरु को माना अपना वैचारिक पिता और मोटिवेटर..

हिंदी विभाग के प्रोफेसर सत्येन्द्र कुमार शेन्डे को अपना प्रेरणा स्रोत मानने वाले उमेश ने बताया कि प्रोफेसर शेन्डे उसके वैचारिक पिता की तरह हैं. बताया कि उन्होंने उसके अकादमिक और वैचारिक जीवन को बहुत गहरे रूप से प्रभावित किया है. प्रोफेसर शेन्डे ने मार्गदर्शन देकर हमेशा मोटिवेट किया, मानसिक संबल देकर कठिन परिश्रम के लिए प्रेरित किया. उमेश ने अपने गहरे मित्र भरत तथा हिंदी विभाग के शिक्षकों छाया राय और अमितोष सनोडिया के सहयोग के लिए भी आभार जताया।

# 20 मई को बंद रहेंगे मेडिकल, दवा दुकानें

### एक दिवसिय आल इंडिया केमिस्ट/ ड्रगिस्ट रहेंगे हड़ताल पर

**जगप्रेरणा सिवनी।**

ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट मेडिकल संचालक दवा दुकान 20 मई दिन बुधवार को देश व प्रदेश में एक दिन का सांकेतिक हड़ताल के रूप में अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे, यह कदम लंबे समय से संबंधित प्राधिकरण से लगातार निवेदन एवं आग्रह करने के बावजूद इंटरनेट के माध्यम से हो रही अवैध दवा बिक्री पर कोई प्रभावी कार्यवाही न होने के विरोध स्वरूप उठाया गया है, पूरे भारतवर्ष के लाखों केमिस्ट एवं दवा विक्रेताओं में व्याप्त गहरे असंतोष के कारण ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट **(AIOCD)** तथा मध्य प्रदेश केमिस्ट एंड ड्रिग्स्ट ऐसोसिएशन के आह्वाहन पर सिवनी जिले के समस्त केमिस्ट एवं दवा विक्रेताओं ने संयुक्त एवं सर्वसम्मती से इस आंदोलन में भाग लिया है. स्थानीय प्रशासन /शासन को यह ज्ञापन प्रस्तुत कर ध्यान जन स्वास्थ्य एवं मरीजों की सुरक्षा से जुड़े अत्यंत गंभीर विषयों की ओर आकर्षित करना चाहते हैं, बिना किसी स्पष्ट वैधानिक प्रावधान की ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री, फर्जी प्रिसक्रिप्शन बिना वैध चिकित्सीय परामर्श के घर-घर दवा वितरण तथा अत्यधिक छूट **(Deep Disconnting)þ** जैसी गतिविधियाँ करोडो मरीजों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है,साथ ही देश भर के लाखों लाइसेंस धारी छोटे केमिस्ट एवं दवा व्यापारियों की अस्तित्व पर भी सीधा संकट उत्पन्न कर रही है, ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 एवं नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं होने के बावजूद विभिन्न ऑनलाइन कंपनियों वर्षो से दवाओं की बिक्री कर रही है, इसके पूर्व वर्ष 2018 में केवल जनमत आमंत्रित करने हेतु जारी अधिसूचना **GSR 817 (E)** अब प्रासंगिक एवं निरर्थक हो चुकी है, इसी प्रकार कोविड महामारी जैसी असाधारण परिस्थिति में जारी **GSR 220 (E)** जिसकी आवश्यकता केवल आपातकालीन समय में थी,वर्तमान सामान्य परिस्थितियों में आवश्यक नहीं है,किंतु इसका दुरुपयोग विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म एवं क्विक कॉमर्स कंपनियों द्वारा अनियंत्रित होम डिलीवरी हेतु किया जा रहा है, इन समस्त विषयों को समय-समय पर प्रमाण सहित केंद्र सरकार एवं संबंधित प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया गया किंतु अवैध गतिविधियों को स्वीकार किए जाने के बावजूद कोई ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही दृष्टिगोचर नहीं हुई, जन स्वास्थ्य तथा छोटे केमिस्ट एवं दवा व्यापारियों को होने वाली अपूर्णीय क्षति को रोकने हेतु प्रमुख मांगो में अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरुद्ध तत्काल एवं कठोर कार्रवाई की जाए, बिना वैध एवं सत्यापित ई प्रिसक्रिप्शन के दवाओं की बिक्री एवं होम डिलीवरी पूर्णतः प्रतिबंधत की जाए, **GSR 817 (E)** एवं **GSR 220 (E)** को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा अपनाई जा रही अत्यधिक छूट **(Deep Discounting )** एवं **Predatory Pricing** नीति पर रोक लगाई जाए इस प्रकार देश भर के केमिस्ट एवं दवा विक्रेता सदैव स्वस्थ सेवा व्यवस्था एवं औषधि आपूर्ति तंत्र की मजबूत रीड रहे हैं,वैश्विक महामारी कोविड जैसे कठिन समय में भी दवा व्यापारियों ने पूरे देश में निर्बाध दवा आपूर्ति सुनिश्चित कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से निवेदन है कि जनहित जन स्वास्थ्य एवं मरीज की सुरक्षा की व्यापक हित में उपयुक्त विषयों पर तत्काल हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्यवाही करें।

# वन विभाग ने बड़ी मात्रा में पकड़ी विलुप्त प्रजाति कउवा कास्ट..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***वन विभाग की टीम ने सोमवार को सुबह लगभग 6:00 बजे गस्ती के दौरान विलुप्त प्रजाति कउवा कास्ट बड़ी मात्रा में पकड़ने में सफलता प्राप्त की।***



मुख्य वन संरक्षक सुश्री संध्या सिंह के निर्देश पर, वन मंडल अधिकारी गौरव मिश्रा दक्षिण सिवनी सामान्य वन मंडल, उपवन मंडल अधिकारी योगेश पटेल के दिशा निर्देशन व वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र सोनी के मार्गदर्शन में जंगल व निजी राजस्व भूमि से अवैध रूप से लकड़ी काटने वालों व अवैध परिवहन पर सख्त कार्वाई की जा रही है।

हरवेन्द्र सिंह बघेल उपवन क्षेत्रपाल परिक्षेत्र सहायक गोपालगंज ने बताया कि सोमवार को सुबह लगभग 6 बजे गस्ती के दौरान चावड़ी पलारी से एनएच 44 मार्ग शनि मंदिर मार्ग स्थित मंदिर के पास एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 22 जी 1892 को रोका गया जिसमें कउवा जो की विलुप्त प्रजाति है की कास्ट भरी थी। जिसको वन कर्मी द्वारा रोक कर वाहन चालक से वैधानिक दस्तावेज मांगा गया। अवैध रूप से कउवा कास्ट को ले जा रहे आरोपियों ने मौके पर दस्तावेज नहीं दिखा पाए जिससे जप्ती की कार्रवाई की गई। इस कार्य में हरवेन्द्र सिंह बघेल उपवन क्षेत्रपाल परिक्षेत्र सहायक गोपालगंज, गुरु प्रसाद जंघेला वनरक्षक बीट प्रभारी चावड़ी, कपिल सनोडिया कार्यवाहक वनपाल, शिवलाल काकोडिया कार्यवाहक वनपाल की विशेष भूमिका रही।

वन अधिकारियों ने समस्त कृषकों, ग्रामवासियों, नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निजी खेत, बाड़ी में स्थित पेड़ों की कटाई बिना अनुमति के किसी भी व्यापारी से ना कटवाए और ना ही बेचे। यदि कोई भी कृषक के यहां अवैध रूप से वृक्षों की कटाई करवाई जाती है तो उनके विरुद्ध वैधानिक कार्वाई की जावेगी। जिसके लिए कृषक स्वयं जवाबदार होंगे क्योंकि कुछ व्यापारी कृषकों से कम दाम पर वृक्ष खरीदकर उन्हें कटवा कर देते हैं जिससे पर्यावरण असंतुलित होता है और व्यापारी महंगे दामों में वन उपज को बेचकर लाभ कमा कर कृषकों का शोषण करते हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म का मामलाः मुख्य आरोपी सहित 3 गिरफ्तार, रिसॉर्ट में बीयर पिलाकर की गई थी वारदात..

### पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई, पास्को एवं SC/ST एक्ट में प्रकरण दर्ज..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***पुलिस अधीक्षक कृष्णा लालचंदानी (भा. पु. से,) के निर्देशानुसार महिला संबंधी अपराधों में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत थाना कुरई पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका से दुष्कर्म***

के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है दिनांक 16.05.2026 को एक नाबालिग बालिका द्वारा थाना कुरई में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 15.04.2026 को आरोपी आशीष उसे बहला-फुसलाकर सुकतरा स्थित शांति वन रिसॉर्ट ले गया था। वहां आरोपी अंकित सनोडिया एवं अन्य साथियों द्वारा उसे बीयर पिलाई गई। नशे की हालत में आरोपी अंकित सनोडिया द्वारा उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए गए।

### पुलिस कार्रवाई..

सूचना प्राप्त होते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। महिला थाना से महिला उप निरीक्षक द्वारा थाना कुरई आकर पीड़िता का कथन लेखबद्ध किया गया एवं आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम **(POCSO Act)** एवं अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी..

अंकित सनोडिया पिता हरिप्रसाद सनोडिया, उम्र 22 वर्ष, निवासी साई धाम कॉलोनी, डूण्डासिवनी ङ्क मुख्य आरोपी, आशीष उर्फ आशु पिता अशोक परते, उम्र 18 वर्ष, निवासी बादलपार, एक विधि विवादित नाबालिग बालक पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गठित विशेष टीम द्वारा तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### सराहनीय भूमिका..

इस संवेदनशील प्रकरण में त्वरित कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बरघाट ललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुरई निरीक्षक के.एस. तेकाम, सउनि शैलेन्द्र डोंगरे, सउनि अजय सिंह परिहार, प्र.आर. राजेश माथरे, प्र.आर. मनोज गोहिया, आर. अविनाश पाण्डेय, आर. चंचलेश नरवरे एवं आर. चालक यशपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# युवक ने कुएं मे लगाई छलांग, बचाई गई जान

**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले के गवारी गांव में सोमवार सुबह एक 35 वर्षीय एक युवक ने 30 फीट गहरे कुएं में छलांग लगा दी। ग्रामीणों की सजगता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से युवक को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उसे बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।



### शोर मचते ही रेस्क्यू में जुटे ग्रामीण, खाट की मदद से निकाला..

घटना सुबह करीब 10 बजे की है। युवक को कुएं में कूदते देख आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिससे मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही घंसौर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस टीम और ग्रामीणों ने रस्सियों और खटिया की मदद से संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और काफी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला।

### प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर

कुएं से निकाले गए युवक की पहचान केवलारी निवासी बीरू यादव (35) के रूप में हुई है। युवक की हालत गंभीर होने के कारण उसे पहले घंसौर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

### आत्महत्या का प्रयास, जांच कर रही पुलिस..

युवक ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है, जिसकी वजह से एक कीमती जान बचाई जा सकी।

# किंदरई में गहराता जल संकट, ग्रामीणों ने प्रशासन से की तत्काल समाधान की मांग



**जगप्रेरणा किंदरई।**



आदिवासी बाहुल्य घंसौर विकासखंड के 1600 आबादी वाले ग्राम पंचायत किंदरई में इन दिनों पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। यहां के छोटे-छोटे बच्चे घंटों पानी के लिए इंतजार करते हैं और तब जाकर 1 किलोमीटर दूर से साइकिल और डिब्बों के सहारे पानी ला पाते हैं। जिस उम्र में उन्हें स्कूल में पढ़ाई करनी चाहिए, उस उम्र में वे पानी की चिंता में अपना समय बिता रहे हैं।जिले में बढ़ते तापमान के साथ ही पानी की समस्या विकराल रूप अख्तियार करने लगी है।ग्रामीणों का कहना है कि पानी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और प्रशासन की ओर से अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। हैंडपंप खराब पड़े हैं तथा कई जगहों पर नल-जल योजना नियमित रूप से संचालित नहीं हो रही है। पानी की कमी के कारण महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में तत्काल पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराई जाए तथा टैंकरों के माध्यम से नियमित जल आपूर्ति की जाए। साथ ही दीर्घकालिक समाधान के लिए जल संरक्षण एवं स्थायी जल स्रोतों के विकास पर भी ध्यान दिया जाए।

किंदरई के शिक्षित युवा हरिओम नागेश ने कहा कि पेयजल समस्या का जल्द स्थायी समाधान किया जाए, ताकि बच्चों का बचपन पानी ढोने में नहीं, बल्कि शिक्षा और अपने सपनों को पूरा करने में लगे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# भालू के हमले में युवक घायल

**जगप्रेरणा सिवनी।**



दक्षिण सामान्य वन मंडल सिवनी अंतर्गत कुरई परिक्षेत्र के बाबई पीएफ 315 में सोमवार सुबह भालू के हमले में एक युवक घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार बाबई निवासी सुनील निवारे (38) सुबह लगभग 10 बजे तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए हुए थे। इसी दौरान अचानक भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमले में सुनील निवारे की पिंडली में गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और घायल को तत्काल कुरई उपस्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

परिक्षेत्र अधिकारी राहुल धारू ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायल की स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए नागपुर रेफर किया है। वन विभाग द्वारा मामले की निगरानी की जा रही है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी
हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित
सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड
अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

# बालाघाट के बैहर रोड में रात 11 बजे ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग.. अंधेरे में बीती लोगों की रात..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर में आज 18 मई की रात्रि में वार्ड नंबर 9 एवं उसके आस पास में बैहर रोड स्थित जामा मस्जिद के समीप तथा वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. के.एम. कुरैशी के निवास के समीप स्थित ट्रांसफार्मर में अचानक रात 11 बजे आग लग गई, तथा***



देखते ही देखते आग से ट्रांसफार्मर से आग की लपटें उठने लगी। इस स्थिति को जैसे ही कांग्रेस नेता एवं स्थानीय निवासी शमीम सिद्दीकी ने देखा, तत्काल उन्होंने नगर पालिका एवं विद्युत विभाग को जानकारी दी, जिसके बाद लगभग 20 मीनट बाद विद्युत प्रवाह को रोका गया, जबकि वहीं इसी दौरान फायर ब्रिगेड का अमला भी मौके पर पहुंच गया, और आग बुझाई गई, और स्थिति नियंत्रण में आ गई।

## अंधेरे में डूबा पुरा बैहर रोड क्षेत्र..

स्थानीय निवासी शमीम सिद्दीकी एवं शब्बीर पटेल ने जगप्रेरणा को बताया कि ट्रांसफार्मर में आग लगने के कारण विद्युत सप्लाई को रोक देना पड़ा, तथा चूंकि ट्रांसफार्मर बूरी तरह से जल गया, जिसके कारण चारों तरफ अंधेरा छा गया है। शमीम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैहर रोड पर घटना के दौरान ट्रैफिक भी जाम हो गया। बड़ी संख्या में लोग घरों से निकल गए, जबकि भीषण गर्मी में अब विद्युत सप्लाई को नियमित करने के लिये विद्युत विभाग की टीम लग गई है, जिससे की उम्मीद है कि कुछ घंटों में पुनः सामान्य स्थिति निर्मित हो जायेगी। इस स्थिति में भीषण गर्मी के कारण लोगों ने भारी दिक्कत महसुस की, तथा सभी मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द विद्युत सप्लाई सुचारु रुप से शुरु हो।

# हीरापुर में स्थापित होने वाली 205 फीट दिव्य हनुमान प्रतिमा होगी 'सनातन शक्ति केंद्र'.. - पूज्य श्री दादागुरु भगवान..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट की पावन धरा पर परम पूज्य श्री दादागुरु भगवान का दिव्य एवं भव्य आगमन 17 मई को भव्य स्वागत समारोह के साथ हुआ। बालाघाट आगमन के पश्चात दादागुरु भगवान ने सर्वप्रथम संकटमोचन हनुमान मंदिर में दर्शन एवं पूजन किया। इसके उपरांत वे आवलाझरी स्थित विश्वकर्मा***






मंदिर पहुँचे, जहाँ दर्शन-पूजन के बाद भव्य शोभायात्रा एवं पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। पदयात्रा के प्रथम पड़ाव में विश्व हिंदू परिषद के श्री विजेश बावने एवं आवलाझरी क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दादागुरु भगवान का भव्य स्वागत-सत्कार कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया गया। भरवेली सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन द्वारा अपने निवास के समक्ष दादागुरु भगवान का भव्य स्वागत किया गया, वहीं व्यापारी संगठन द्वारा भी श्रद्धापूर्वक अभिनंदन किया गया। मंदिर समिति के श्री आकाश पडवार एवं श्री विक्रांत सोनी द्वारा माइन चौक पर दादागुरु भगवान का स्वागत किया गया। भरवेली राम मंदिर में मंदिर समिति द्वारा दादागुरु भगवान का पुष्पों से तुलाभार कर सम्मान किया गया। इसके पश्चात मुंडी माई मंदिर, संकटमोचन मंदिर एवं हीरापुर शिव मंदिर चौक सहित अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। भव्य शोभायात्रा के साथ दादागुरु भगवान विष्णुधाम मंदिर परिसर पहुँचे, जहाँ पुष्पवर्षा, आतिशबाजी एवं जयकारों के मध्य उनका दिव्य स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में पहुँचकर दादागुरु भगवान ने गौ-पूजन भी किया।

## बोले पूज्य दादागुरु भगवान..

धर्मसभा को संबोधित करते हुए पूज्य दादागुरु भगवान ने कहा कि सनातन संस्कृति ही वह संस्कृति है जो मनुष्य, प्रकृति, जंगल, पर्वत, नदियों एवं समस्त जीवों को एक सूत्र में जोड़ती है। उन्होंने कहा कि माटी को माँ कहने वाली संस्कृति ही सनातन संस्कृति है और इसी धरा की रक्षा के लिए समय-समय पर परमात्मा अवतार लेते हैं। उन्होंने कहा कि बालाघाट की पावन धरा से प्रवाहित होने वाली माँ वैनगंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि इस क्षेत्र की आस्था, संस्कृति एवं शक्ति का दिव्य स्वरूप है। इसी शक्ति धरा पर प्रस्तावित विश्व की सबसे ऊँची 205 फीट दिव्य श्री हनुमान जी की प्रतिमा आने वाले समय में सनातन धर्म, संस्कृति एवं हिंदू चेतना के विराट शक्ति केंद्र के रूप में स्थापित होगी।

दादागुरु भगवान ने कहा कि यह प्रतिमा केवल एक मूर्ति स्थापना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के चरित्र, संस्कार, धर्म एवं सांस्कृतिक जागरण का केंद्र बनेगी। यहाँ बच्चों को धर्म, शिक्षा एवं संस्कार की प्रेरणा मिलेगी तथा हीरापुर अपने नाम की तरह ÷हीरे÷ समान तेजस्वी पहचान प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर केवल मंदिर निर्माण का विषय नहीं था, बल्कि वह सनातन आस्था और शक्ति का केंद्र बना, उसी प्रकार हीरापुर में स्थापित होने वाली यह विशाल हनुमान प्रतिमा भी सनातन धर्म, संस्कृति एवं क्षेत्रीय विकास का केंद्र बनेगी। इस अवसर पर दादागुरु भगवान द्वारा श्री सीताराम जी महाराज की माताजी का स्वागत एवं सम्मान भी किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी पुण्यभूमि और माता धन्य हैं, जिन्होंने भारत को एक महान संत प्रदान किया। दादागुरु भगवान ने कहा कि यहाँ स्थापित होने वाली प्रतिमा केवल एक निमित्त है, वास्तविक स्थापना सत्य सनातन धर्म की होगी। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु, संतजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। अंत में श्री किरण भाई त्रिवेदी ने सिद्धपीठ विष्णुधाम मंदिर परिवार की ओर से उपस्थित समस्त संतजनों, श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी के सहयोग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# टीएल बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

जगप्रेरणा बालाघाट।

***18 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफने विभिन्न विभागों के समय-सीमा संबंधी***



प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित रहे।

## बैगा समुदाय के सर्वे कार्य में तेजी लाने के निर्देश

बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया गया कि सबसे दूर सबसे पास अभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के ऐसे लोगों का सर्वे निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराया जाए, जो शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। इस अभियान के अंतर्गत चिन्हित ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिये गए। साथ ही सर्वे की प्रतिदिन की रिपोर्ट ऑनलाइन डैशबोर्ड पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए। श्रम पदाधिकारी को श्रमयोगी मानधन योजना में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप श्रमिकों का शीघ्र पंजीयन कराने के लिए कहा गया। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाओं को कामधेनु योजना के तहत ऋण प्रकरण तैयार कर शीघ्र ऋण वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## स्वरोजगार योजनाओं एवं पलायन छात्रावास पर विशेष जोर

बैठक में स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत ऋण वितरण के प्रकरण शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि वे नए वित्तीय वर्ष के लक्ष्य की प्रतीक्षा न करें, बल्कि गत वर्ष के लक्ष्य के अनुरूप ही कार्यवाही प्रारंभ करें। सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया गया कि काम के लिए पलायन करने वाले परिवारों के बच्चों को छात्रावासों में प्रवेश दिलाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। सभी बीआरसी के माध्यम से ऐसे परिवारों से संपर्क कर बच्चों को पलायन छात्रावास में शीघ्र प्रवेश दिलाने को कहा गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान और सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा

जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को आंगनवाड़ी केंद्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य शीघ्र पूर्ण कर पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क इकाई के महाप्रबंधक को नक्सल क्षेत्र की अति महत्वपूर्ण 10 सड़कों का कार्य तेजी से पूरा कराने को कहा गया। बैठक में जानकारी दी गई कि 10 में से 5 सड़कों का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष 5 सड़कों का निर्माण दिसंबर 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश

**बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को लंबित शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने एवं विभागीय ग्रेडिंग में सुधार करने के निर्देश दिए गए।**

# आत्मरक्षात्मक खेल युवतियों के लिए मैदान के बाहर भी बन रहे सुरक्षा कवच

जगप्रेरणा बालाघाट।

***'आरोह 2026' ग्रीष्मकालीन कराते खेल प्रशिक्षण शिविर में आत्मरक्षात्मक खेलों के प्रति बच्चों, विशेषकर बालिकाओं का रुझान लगातार बढ़ रहा है। शिविर में 5 वर्ष से 18 वर्ष आयु तक के बच्चों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है, जिसमें लगभग 50 से अधिक***



बालिकाएं शामिल हैं। बालिकाओं की संख्या बालकों से अधिक होना इस बात का संकेत है कि अभिभावक और युवतियां आत्मरक्षा खेलों के महत्व को गंभीरता से समझ रहे हैं। अभिभावकों और प्रतिभागी बालिकाओं का कहना है कि कराते जैसे आत्मरक्षात्मक खेल केवल मैदान में शारीरिक और मानसिक मजबूती ही नहीं देते, बल्कि जीवनभर युवतियों के लिए सुरक्षा कवच और आत्मविश्वास का माध्यम बनते हैं। मुलना स्टेडियम स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कराते सेंटर में जिला खेल अधिकारी श्री राहुल बारेसा के मार्गदर्शन में जिला कराते प्रशिक्षक श्री सजिन्द्र कृष्णन द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे एवं शाम 5:00 बजे आयोजित किया जा रहा है।

शिविर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ-साथ खिलाड़ियों की फिटनेस और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए शाम के अभ्यास के बाद जुंबा डांस के माध्यम से व्यायाम भी कराया जा रहा है। कराते शिविर में अन्य रचनात्मक एवं खेल गतिविधियों को शामिल किए जाने से अभिभावकों और खिलाड़ियों में ÷आरोह 2026÷ समर कैंप के प्रति उत्साह लगातार बढ़ रहा है। जिला खेल विभाग ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी क्यूआर कोड एवं ऑनलाइन पंजीयन के माध्यम से शिविर में अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# नन्हें खिलाड़ियों ने चित्रों के माध्यम से दिया खेल, नशामुक्ति और साइबर सुरक्षा का संदेश

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में खेलों के साथ साथ व्यक्तित्व निर्माण के महाअभियान 'आरोह 2026' के अंतर्गत खिलाडियों के सर्वांगीण विकास के लिए रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला खेल अधिकारी***




राहुल बारेसा के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें खिलाडियों ने चित्रकला के माध्यम से खेल उपयोगिता, नशामुक्ति, साइबर क्राइम, स्वच्छ पर्यावरण और खेल शिविर जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में 5 से 20 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाडियों ने 'नशे से दूरी है जरूरी', 'साइबर सुरक्ष', 'पर्यावरण बचाओ','स्वच्छ भारत मिशन', 'खेल से भविष्य निर्माण' और 'ड्रॉपिंग ड्रग्स' जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर उपस्थित अतिथियों और अधिकारियों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के लिए ड्राइंग शीट व्यवसायी रतन स्पोर्ट्स के श्री मयंक जैन द्वारा खेल शिविर हित में उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में जिला एथलेटिक संघ अध्यक्ष श्री नरेश धुवारे, बाल कल्याण समिति सदस्य श्री रामेश्वर मालठाले, आकाशवाणी से श्री धीरज सर, श्री अजय ठाकुर, श्री शैलेंद्र यादव, आलिहया कन्हार क्लब लालबर्रा से श्री कमल तिलासे तथा कार्यालय से धीरज डोंगरे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। चित्रकला प्रतियोगिता के परिणाम एवं विजेताओं को मेडल वितरण की घोषणा सोमवार 18 मई की शाम को आकाशवाणी बालाघाट के अधिकारी श्री धीरज सर एवं जिला खेल अधिकारी राहुल सर द्वारा की जाएगी।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

# फण्डकी में गोलर समाज ने विधायक मधु भगत को सौंपा ज्ञापन, जातिगत पहचान एवं प्रमाण-पत्र की समस्याएं रखीं







जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत फण्डकी में घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ गोलर समाज के प्रतिनिधियों द्वारा समाज की विभिन्न समस्याओं को लेकर परसवाड़ा विधायक मधु भगत को ज्ञापन सौंपा गया।***

इस दौरान समाजजनों ने जातिगत पहचान, जाति प्रमाण-पत्र एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही परेशानियों से विधायक को अवगत कराया।

समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि सही जातिगत पहचान एवं आवश्यक दस्तावेज नहीं बन पाने के कारण समाज के अनेक परिवार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, शैक्षणिक सुविधाओं एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कई लोगों को जाति प्रमाण-पत्र संबंधी तकनीकी समस्याओं के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। समाजजनों ने विधायक मधु भगत से शासन स्तर पर उचित पहल कर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। उन्होंने कहा कि घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ समाज के लोगों के लिए सरल प्रक्रिया के माध्यम से जाति एवं पहचान संबंधी प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराए जाएं, ताकि समाज के लोग मुख्यधारा से जुड़ सकें और शासन की योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें।

विधायक मधु भगत ने समाज के वरिष्ठजनों एवं उपस्थित समाज बंधुओं से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विषयों पर सकारात्मक प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि समाज की समस्याओं को शासन स्तर तक पहुंचाकर निराकरण के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे, विधायक प्रतिनिधि बलराम उइके, सुधीर पटले सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक, वरिष्ठजन एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# तेंदूपत्ता संग्रहण बना ग्रामीणों की आजीविका का मजबूत आधार..

## बालाघाट जिले में लाखों लोगों को मिल रहा रोजगार

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिला अपने घने जंगलों और समृद्ध वन संपदा के लिए पूरे प्रदेश में विशेष पहचान रखता है। प्रकृति के इस अनमोल उपहार के कारण जिले में विभिन्न प्रकार की वनोपज ग्रामीणों की आजीविका का प्रमुख साधन बनी हुई है।***

इन्हीं वनोपजों में तेंदूपत्ता संग्रहण एक महत्वपूर्ण गतिविधि है, जो जंगलों के समीप रहने वाले हजारों परिवारों को रोजगार और आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2026 में बालाघाट जिले के लिए कुल 75 हजार 529 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए उत्तर सामान्य वन मंडल एवं दक्षिण सामान्य वन मंडल की तेंदूपत्ता संग्रहण समितियां सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

उत्तर सामान्य वन मंडल के अंतर्गत संचालित 30 तेंदूपत्ता संग्रहण समितियों को 46 हजार 217 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य दिया गया है। वहीं दक्षिण सामान्य वन मंडल की 29 तेंदूपत्ता संग्रहण समितियों को 29 हजार 312 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य आवंटित किया गया है। शासन द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण की दर 04 हजार रुपये प्रति मानक बोरा निर्धारित की गई है, जिससे संग्राहकों को उनकी मेहनत का उचित पारिश्रमिक प्राप्त हो सके।

तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के माध्यम से जिले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। उत्तर वन मंडल में 01 लाख 32 हजार 958 लोगों को तथा दक्षिण वन मंडल में 01 लाख 01 हजार 706 लोगों को रोजगार मिल रहा है। इस प्रकार जिले में कुल लगभग 02 लाख 34 हजार 664 लोग तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण न केवल रोजगार का माध्यम बन रहा है, बल्कि यह आर्थिक समृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संग्रहण कार्य से प्राप्त आय से ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है तथा उनके जीवन स्तर में सुधार आ रहा है।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य लोगों को वनों की सुरक्षा एवं संवर्धन के प्रति भी जागरूक करता है। जब ग्रामीणों की आजीविका जंगलों से जुड़ती है, तब वे वन संरक्षण के प्रति अधिक जिम्मेदार बनते हैं। यही कारण है कि तेंदूपत्ता संग्रहण पर्यावरण संरक्षण और वन संपदा के संवर्धन में भी सहायक सिद्ध हो रहा है।

बालाघाट जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण गतिविधि रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास का एक सफल उदाहरण बनकर उभर रही है, जिससे हजारों परिवारों के जीवन में खुशहाली और स्थायित्व आ रहा है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे।।

मो। 9329033433

# एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता ने आईटीआई बैहर का किया आकस्मिक निरीक्षण..







जगप्रेरणा बैहर।

***बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता (आईएएस) द्वारा सोमवार को शासकीय आईटीआई बैहर का आकस्मिक भ्रमण कर संस्था में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।***

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं, प्लेसमेंट गतिविधियों, नवाचार कार्यों, कक्षाओं एवं कार्यशालाओं की स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम श्री गुप्ता ने आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए संस्था परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा भवन मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र की आवश्यकता एवं रोजगार संभावनाओं के अनुरूप नवीन व्यवसाय एवं ट्रेड प्रारंभ करने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए तथा प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर एसडीएम श्री गुप्ता ने संस्था के प्रशिक्षणार्थियों एवं स्टाफके साथ संवाद कर प्रशिक्षण व्यवस्था, संस्था उन्नयन एवं विभिन्न समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया।

# परियोजना स्तरीय जनजातीय महोत्सव का आयोजन..



जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 15 मई 2020 को ग्राम पंचायत भवन चीनी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना स्तरीय जनजातीय महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला बाल***

विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती ललिता चंचल के निर्देशन में किया गया। महोत्सव के अंतर्गत समस्त सेक्टरों में शिविर आयोजित कर विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केंद्रों में दर्ज सैम (गंभीर कुपोषित) बच्चों को पोषण किट वितरित की गई। वहीं लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत प्रमाण पत्र वितरण एवं नवीन आवेदनों का पंजीयन भी किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत भी नए आवेदनों का पंजीयन किया गया। महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाना रहा। जनजातीय महोत्सव में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती प्रमिला उपके, पंच श्रीमती अनीता करते, सचिव भागेश चौधरी, पर्यवेक्षक उर्मिला भलावी, शबू रेटे, लीन धुर्वे, रीता वासनिक सहित ग्राम के महिला-पुरुष, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# वन अपराध प्रकरण में वाहन राजसात की प्रक्रिया शुरू..

जगप्रेरणा उकवा।

***उप वन मण्डलाधिकारी उकवा सा. द्वारा सूचना जारी की गई है कि 04 जून 2025 को बीट छूटी के वन कक्ष क्रमांक 1325 में गश्ती के दौरान वनोपज का***

अवैध परिवहन करते हुए एक साइकिल (चेचिस नंबर-40148) अधिग्रहित की गई थी। वर्तमान में उक्त वाहन के राजसात की कार्यवाही उप वन मण्डलाधिकारी कार्यालय उकवा में प्रचलित है। वाहन अथवा वनोपज में किसी भी प्रकार का हित रखने वाले पक्षकारों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए कहा गया है कि वे 15 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

निर्धारित समयावधि में दावा प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में उक्त वाहन को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 के अंतर्गत राजसात कर दिया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि समयावधि समाप्त होने के बाद प्रस्तुत किए गए किसी भी तर्क अथवा अभिलेख पर विचार नहीं किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026' के लिए चयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार हेतु राष्ट्रीय***

पुरस्कार पोर्टल (द्धह्लह्लश्चह्य:// ड्ड2ड्डह्वस्र्ह्य.द्दश1.द्बठ्ठ) पर एक अप्रैल 2026 से ऑनलाइन आवेदन एवं नामांकन की प्रक्रिया जारी है।

पुरस्कार देश के उन प्रतिभाशाली बच्चों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने वीरता, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण एवं उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की हों। निर्धारित पात्रता के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के भारतीय बच्चे इस पुरस्कार के लिए स्वयं अथवा अन्य माध्यमों से अपना नामांकन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन रखी गई है, जिसके लिए अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर जाकर आवेदन करना होगा।

आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आवेदकों एवं अभिभावकों से पोर्टल पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों एवं पात्रता संबंधी जानकारी का सावधानीपूर्वक अवलोकन करने की अपील की गई है। ऑनलाइन आवेदन एवं विस्तृत जानकारी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (द्धह्लह्लश्चह्य:// ड्ड2ड्डह्वस्र्ह्य.द्दश1.द्बठ्ठ) का अवलोकन किया जा सकता है।

# 1026 किसानों से 11.18 करोड़ रुपये से अधिक की हुई चना खरीदी..

## 18 मई तक 19 हजार 45 क्विंटल चना की हुई खरीदी

जगप्रेरणा बालाघाट।

***किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा दलालों एवं बिचौलियों के शोषण से बचाने के उद्देश्य से प्रदेश शासन द्वारा रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी की व्यवस्था की गई है। बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर चना उपार्जन के लिए गोदाम स्तर पर 08 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं, जहां किसानों से निर्धारित दर पर चना खरीदा जा रहा है।***

उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले में 15 मई 2026 तक कुल 1026 किसानों से 11 करोड़ 18 लाख 89 हजार 375 रुपये का 19 हजार 45 क्विंटल चना खरीदा जा चुका है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए जिले के कुल 2609 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिले में चना खरीदी का कार्य 30 मार्च 2026 से प्रारंभ किया गया है तथा किसानों से 5875 रुपए प्रति क्विंटल की दर से चना खरीदा जा रहा है। शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समर्थन मूल्य पर चना खरीदी 28 मई 2026 तक जारी रहेगी। अब चना की खरीदी शनिवार को भी की जायेगी।

उपसंचालक कृषि श्री मालवीय ने बताया कि पंजीकृत किसान चना विक्रय के लिए अंतिम तिथि से 10 दिन पूर्व तक स्लॉट बुक करा सकते हैं। अब तक 1645 किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए स्लॉट बुक कराया जा चुका है। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर स्लॉट बुक कर अपनी उपज का विक्रय करें।

# नल-जल योजना के तहत निर्मित पानी टंकी का एसडीओ ने किया निरीक्षण..

## ग्राम सुरवाही में जलापूर्ति व्यवस्था का लिया जायजा, गुणवत्तापूर्ण कार्य के दिए निर्देश..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के एसडीओ श्री एच.के. बागेश्वर ने मंगलवार को विकासखंड बिरसा के ग्राम सुरवाही पहुंचकर नल-जल योजना अंतर्गत निर्मित पानी टंकी एवं संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने योजना की प्रगति,***

निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। एसडीओ श्री बागेश्वर ने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि योजना के सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाना प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पानी टंकी की संरचना, पाइपलाइन कनेक्शन, मोटर पंप व्यवस्था तथा जल वितरण प्रणाली का परीक्षण किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर पेयजल संबंधी समस्याओं की जानकारी भी ली तथा आवश्यक सुधार के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए। एसडीओ श्री बागेश्वर ने बताया कि नल-जल योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट को दूर करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। योजना पूर्ण होने के बाद ग्राम सुरवाही के लोगों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। निरीक्षण के समय विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि तथा ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।















दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी

मो. 7974944900


# विधायक विवेक पटेल अपना कार्यक्षेत्र देखे, एक महिला की कार्य क्षमता पर सवाल उठा कर उन्होने मेरा अपमान किया है.. श्रीमती सरिता दांदरे नपा अध्यक्ष..

## जनता ने गुडडा भैया के कहने से वोट दिया है तो आम जनता की सुनवाई करना भी उनका कर्तव्य एवं जवाबदारी है..




**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सरिता दंदरे ने एक प्रेस विज्ञप्ती जारी कर विधायक विवेक पटेल के आरोपो को सिरे से नकारते हुऐ कहा है कि विधायक पटेल एक महिला जन प्रतिनिधि के रूप में मेरी कार्य क्षमता,***

मेरी कार्य-शैली पर सवाल उठाने वाले होते कौन है? ऐसा करके आपने मरार समाज की पृष्ठभूमि से राजनीति में आगे बढ रही महिला का अपमान किया है। गौरतलब है की गत दिवस विधायक विवेक पटेल ने प्रेस वार्ता के माध्यम से नपा परिषद पर आरोपो की बौछार की थी। इसके जवाब मे आज प्रेस विज्ञिप्ती के माध्यम से नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता दांदरे ने कहा की एक अध्यक्ष के रूप में पिछले 03 साल के कार्यकाल में शहर में चैतरफा उल्लेखनीय विकास कार्य हो रहे है, जिसकी चर्चा पूरे जिले में होती है। और शायद यही बौखलाहट विवेक पटेल को हो रही है कि इतने कार्यो का 10 प्रतिशत कार्य भी वो अपने नगरपालिका कार्य काल में काम नही करा पाये थे। विधायक विवेक पटेल के द्वारा लगाये गये आरोप पर आक्रामक तेवर दिखाते हुये नपा अध्यक्ष श्रीमती दांदरे ने कहा की विधायक पटेल स्वयं अपने गिरेबान में झाके की उनके कार्यकाल में कितनी फर्जी खरीदी, फर्जी बिल एवं कमीशन बाजी हुई है, वो सर्व विदित है। यही कारण है कि यहाँ हमने शासन के एक-एक पैसे से असंख्य बहुमूल्य, बहुआयामी निमार्ण कार्य कराये जो दिख भी रहा है।



जिसके बताने के लिये कार्यकाल के अंत में विकास पुस्तिका भी हमको छपाना पडेगा। किन्तु पटेल के कार्यकाल में किताब तो दूर एक पन्ना छापने लायक कार्य भी नही हुये थे। सिर्फपद का और पैसो का दुरूपयोग किया गया एवं बिना कार्य किए लाखो के बिल निकाले गये।

श्रीमती सरिता दांदरे के अनुसार विगत नगरपालिका चुनाव में तत्कालीन समय में वारासिवनी की जनता ने गुड्डा भैया के नेतृत्व में भरोसा कर भाजपा, कांग्रेस को छोडकर बाल्टी छाप की निर्दलीय सरकार बनाई। जब जनता ने उनके कहने से वोट दिया तो आम जनता की सुनवाई करना भी उनका कर्तव्य एवं जवाबदारी भी है।

आज नगरपालिका में जनता दरबार मेरे नेतृत्व में एवं गुड्डा भैया के मार्गदर्शन में हो लग रहा है। इसमें किसी का पेट नही दुखना चाहिये। प्रदीप जायसवाल गुड्डा भैया हमारे नेता है, उन्ही के मार्गदर्शन से ही वारासिवनी नगरपालिका शहर के बुर्जगो, महिलाओ, बच्चो एवं व्यापरियो के सपनो को साकार करते हुऐ बडे शहरो के तर्ज पर समस्त विकास कार्यो को अंजाम देकर एक आदर्श शहर का निमार्ण कर रही है। जिससे वारासिवनी की जनता पुनः स्व. कस्तुरचंद वर्मा, श्रीमती स्मिता जायसवाल के उल्लेखनीय कार्य काल को याद कर रही है।

नपा अध्यक्ष ने करारा प्रहार करते हुये कहा की विधायक पटेल अपने कार्य-शैली को देखे कि उन्होने अपने कार्यकाल में जनता की किसी समस्या को उठाने हेतु कभी जन आंदोलन नही किया। कभी सडको पर नही उतरे। कही पुतला दहन नही किया। बजाये इसके जब भी कोई मंत्री या मुख्यमंत्री जी दौरे पर आते है, तो उनकी चरण वंदना करते है एवं मंच पर चुपचाप बैठे रहते है । और शासन के बजट से अब तक एक रूपया नही ला पाये है। आज क्षेत्र में जितने भी कार्य चल रहे है, सभी गुड्डा भैया के कार्यकाल में स्वीकृत है। सिर्फ हाथ हिलाने से, शादीयो में नाचने से विधायकी नही होती है।

# समद पुरी बीट में तेंदुए का आतंक





**जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।**

***दक्षिण वन मंडल सामान्य परिक्षेत्र कटंगी के अंतर्गत आने वाले ग्राम टेकाडी (नहर टोला) के समतपुरी बीट में इन दिनों तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है। बीती रात तेंदुए ने आबादी क्षेत्र में घुसकर एक पालतू श्वान (कुत्ते) पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।***

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पंचनामा बनाकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही विभाग ने ग्रामीणों को अलर्ट रहने की सख्त हिदायत दी है।पालतू जानवर पर हमला, रविवार-सोमवार की दरमियानी रात समतपुरी बीट से लगे टेकाडी (नहर टोला) निवासी महेश उइके के घर के बाहर बंधे पालतू श्वान पर तेंदुए ने अचानक हमला बोल दिया। श्वान के चीखने और भौंकने की आवाज सुनकर जब घर के लोग बाहर निकले, तो उन्हें देखकर तेंदुआ श्वान को लहूलुहान हालत में छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। गनीमत रही कि तेंदुए ने किसी इंसान पर हमला नहीं किया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र के ग्रामीण डरे हुए हैं।वन विभाग ने शुरू की जांच, बनाया पंचनामातेंदुए के हमले की खबर सुबह क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना कटंगी वन परिक्षेत्र के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला तत्काल घटनास्थल टेकाडी पहुंचा। टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए के पदचिह्नों (पगमार्क) की तलाश की और पीड़ित पशु मालिक महेश उइके के बयान दर्ज कर घटना का पंचनामा तैयार किया।

वन अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि वन्यजीव विभाग के नियमानुसार घायल पशु के उपचार और मुआवजे को लेकर उचित विभागीय कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों में भारी दहशत, शाम होते ही बंद हो रहे दरवाजेइस घटना के बाद से टेकाडी, नहर टोला और समतपुरी बीट से लगे अन्य गांवों में भारी दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ भोजन और पानी की तलाश में लगातार रिहायशी इलाकों का रुख कर रहा है। इससे पहले भी क्षेत्र में वन्यजीवों की आवाजाही देखी गई है। तेंदुए के डर से ग्रामीणों ने शाम ढलते ही अपने घरों के दरवाजे बंद करना शुरू कर दिया है। किसान भी खेतों में अकेले जाने से कतरा रहे हैं, जिससे उनकी दैनिक आजीविका और खेती-किसानी के कार्यों पर असर पड़ रहा है।वन विभाग की जनता से सतर्क रहने की अपीलवन परिक्षेत्र अधिकारी ने ग्रामीणों से संयम बनाए रखने और सतर्क रहने की अपील की है।

विभाग द्वारा जनता के लिए विशेष सुरक्षा निर्देश जारी किए गए हैं:अकेले न निकलें: रात या तड़के सुबह के समय खेतों या सुनसान रास्तों पर अकेले जाने से बचें।रोशनी का इंतजाम: रात में घरों के आसपास पर्याप्त रोशनी रखें और बाहर निकलते समय टॉर्च का उपयोग करें।ध्वनि का प्रयोग: जंगल के नजदीकी रास्तों से गुजरते समय मोबाइल पर गाने बजाएं या आवाज करते हुए चलें।बच्चों की सुरक्षा: बच्चों को अकेले घर से बाहर न जाने दें और पालतू जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर बांधें।वन विभाग को सूचना: क्षेत्र में कहीं भी तेंदुआ या अन्य हिंसक वन्यजीव दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचित करें।वन विभाग ने कहा है कि स्थिति पर नजर रखने के लिए बीट गार्ड और गश्ती दल को सक्रिय कर दिया गया है। यदि तेंदुए की सक्रियता इसी तरह बनी रहती है, तो वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पिंजरा लगाने की कार्रवाई भी की जाएगी।

# गर्रा मे भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का सौरभ, प्रबल, केशव व योगेश के नेत्रत्व मे युवा सैलाब ने किया गर्मजोशी से स्वागत..







## ग्राम ग्राम से पहुचे युवाओ ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं जनहितैषी बनाने का फिर दोहराया संकल्प

**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के प्रथम आगमन को लेकर वारासिवनी नगर व ग्रामीण युवा मोर्चा टीम मे भी बेहद उत्साह देखा गया है। वारासिवनी की सीमा गर्रा मे प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने के लिये सौरभ टेबू पटेल युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य,***

युवा नेता प्रबल जायसवाल, केशव बैस ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, योगेश व्यास नगर अध्यक्ष के नेत्रत्व मे ग्राम ग्राम से पहुचे युवाओ ने जमकर नारेबाजी कर गर्मजोशी से स्वागत भी किया।

भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के प्रथम आगमन को लेकर पिछले तीन दिवस से तैयारीया देखी जा रही थी। जैसे की निर्धारित समय पर प्रदेश अध्यक्ष गर्रा ग्राम पहुचे युवाओ के सैलाब ने उनका गाजे बाजे व सबसे बडे फुलहार से स्वागत कर अपनी एकता को प्रदर्शित किया।

प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के समय सौरभ टेबू पटेल युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य,युवा नेता प्रबल जायसवाल, केशव बैस ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, योगेश व्यास नगर अध्यक्ष, मिलिंद नगपुरे मंडल अध्यक्ष, चारू देशमुख महामंत्री युवा मोर्चा, उपाध्यक्ष बिटटू पारधी, कबीर हनवत, राजेन्द्र हरिनखेडे मंगेझरी, अजय लारोकर, कुलरतन भोयर, मनोज साहू कोस्ते, सागर बिसेन, सोनू ठाकरे, नीरज बिसेन आदि सक्रिय भी नजर आये।

इस अवसर पर युवा नेता प्रबल जायसवाल, केशव बैस ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ने पूछे जाने पर कहा की प्रदेश अध्यक्ष का आगमन युवाओ मे एक नया जोश भर गया है। आज उनसे मुलाकात के बाद उनके व्यक्तित्व से सभी युवा प्रसन्नचित भी नजर आये है।

विशेषकर भाजपा जिला कार्यालय बालाघाट मे उनके द्वारा दिये उदबोधन मे युवा मोर्चा मे कार्य करने की शैली से लेकर छोटे छोटे कार्यो के माध्यम से भी देश की सेवा करने के संदेश ने युवाओ को प्रभावित किया है। उनकी उपस्थिती से युवा साथियो मे विशेष उत्साह उर्जा देखने को मिली है। जिससे युवाओ ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं जनहितैषी बनाने का संकल्प भी दोहराया है।

# कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनुसरण, ईवी कार से कर रहे भ्रमण..



**जगप्रेरणा कटंगी।**

***देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह मोदी द्वारा वैश्विक समस्याओं को देखते हुए उर्जा संरक्षण और राष्ट्रहित में ईंधन वाहनो का कम उपयोग करने के लिए आव्हान किया है। गौरतलब है***

कि कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा डीजल वाहन के उपयोग बंद कर ईवी चार पहिया वाहन से क्षेत्र भ्रमण और साथ ही अन्य स्थानों पर सफ़र किया जा रहा है। जहाँ एक तरह प्रधानमंत्री मोदी द्वार ईंधन के कम उपयोग करने की सलाह देते कुछ दिनों पूर्व की गई है जिस के बाद से लगातार जन प्रतिनिधियो द्वारा ईवी वाहनों का उपयोग बढ़ा दिया गया है और प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा भी प्रधानमंत्री के आवाहन के बाद अपनी काफ़्लिे में वाहनों की कटौती की गई और साथ ही दिल्ली भ्रमण के दौरान मेट्रो में सफ़र करते नज़र आए। इस संबंध में जब कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव पारधी से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताए गया की विश्व में युद्ध के बाद हालत ख़राब हुई है और वैश्विक स्तर पर भी ईंधन की कमी और महंगाई बड़ी है जिसको ध्यान में रखते हुए और राष्ट्रहित में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा ईंधन वाहनों के उपयोग द्य कम करने का आवाहन किया था और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी द्वार उनका बातों को अनुसरण करते हुए अपनी काफ़ीले से वाहनों की कमी की साथ ही मेट्रो में सफ़र किया है और इन सब चीज़ों को देखते हुए मैंने भी पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए और राष्ट्रहित में ईवी चार पहिया वाहन ख़रीदा है और उसी से क्षेत्र भ्रमण और अन्य स्थानों पर भ्रमण कर रहा हूँ साथ ही हम सभी को ईवी वाहनो का उपयोग ज़्यादा करना चाहिए जिससे पर्यावरण भी सुरक्षित रह सके और राष्ट्रहित में अपना योगदान भी दे सके।



# गौसेवा के रूप में मनाया जायेगा मंडल अध्यक्ष चौकसे का जन्मदिन

## होगी गौमाता की पूजा हनुमान चालीसा पाठ..



**जगप्रेरणा कंटगी (बालाघाट)।**

***कटंगी भाजपा मंडल पश्चिम के उपाध्यक्ष देवी प्रसाद तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आज 19 मेंई को कटंगी भाजपा मंडल अध्यक्ष पश्चिम मुकेश चौकसे का जन्मदिन है***

उनके जन्मदिन का कार्यक्रम बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ गौ सेवा कर मनाया जाना है जिसके चलते आज शाम 5:00 बजे कटंगी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कटेधरा के कामधेनु गौशाला में गौमाता की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी गौशाला में साफ सफाई का कार्यक्रम हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया जाना है वही कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाना है पंडित देवी प्रसाद तिवारी ने समस्त कार्यकर्ता और ईस्ट मित्रों से मंडल अध्यक्ष चौकसे के जन्मदिन के अवसर पर कामधेनु गौशाला पहुंचने की अपील की है


**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*


# शासकीय महाविधालय के विधि संकाय के विद्वार्थीयो ने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को सौपा ज्ञापन..





## विधि संकाय के नये भवन मे अन्य विषय की क्लासेस लगने से अध्ययन कार्य मे हो रही है दिक्कते..

**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

शासकीय विधि संकाय के तीनो वर्ष के विधार्थीयो ने आज पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर अध्धयन कार्य मे आ रही दिक्कतो से अवगत कराया। विधि विभाग के लगभग दो दर्जन छात्र छात्राओ ने ज्ञापन के माध्यम से बताया की विधि विभाग के नये भवन मे अन्य संकाय की क्लासेस लगने से अब अध्धयन कार्य मे तकलीफो का सामना करना पड रहा है।

आज पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को ज्ञापन सौपते समय विधि विभाग के विद्वार्थीयो मे फरहान खान, सिद्वार्थ उके, आकाश खरोले,प्रतिभा उइके, दिक्षा उइके,शानू मेश्राम, पायल मरकाम,भारती मडावी,मेघा श्यामकुंवर, राम कोल्से,कुलदीप मात्रे, तिश्या उके,ग्रेसी देशमुख,हिमानी मडावी, अनामिका, रोशनी,सिद्वी बिसेन,खुश्बू ठाकरे आदि उपस्थित रहे।

ज्ञापन सौपंने के बाद विधि विभाग के त्रतीय साल के छात्र फरहान खान ने बताया की पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने तात्कालिन समय मे यह नया भवन विधि विभाग को समर्पित किया था। कितूं अब महाविधालय द्वारा इस भवन मे हिंदी विभाग, राजनिती विभाग और ईतिहास विषय के छात्रो की क्लासेस भी लगायी जा रही है। जिसके कारण विधि संकाय के विद्वार्थीयो को अध्धयन कार्य मे तकलीफो का सामना करना पड रहा है। जगह की कमी के कारण विधि विभाग की लायब्रेरी भी संचालित नही हो पा रही है। और लीगल क्लासेस भी नही लग पा रही है।

इसी तरह विधि संकाय सिक्स सेमेस्टर की छात्रा प्रतिभा उइके ने बताया की इस नये भवन की सौगात तात्कालिन समय मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने अनुदान के रूप मे देकर इसे विधि विभाग को प्रदान किया था। किंतू अब महाविधालय प्रंबधन और जनभागीदारी समिति इस भवन को कालेज का बताकर अन्य विषयो की क्लासेस भी इसी भवन मे संचालित कर रही है। जिससे विधि संकाय के तीनो साल के लगभग 150 विद्वार्थीयो को अध्धयन कार्य मे बेहद दिक्कत का सामना करना पड रहा है।

आज ज्ञापन के बाद पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने विधि संकाय के विधार्थीयो को आश्वस्त कराया है की उनकी समस्या के संबध मे महाविधालय प्रंबधन समिति से चर्चा की जायेगी। साथ ही जरूरत पडी तो वे स्वंय महाविधालय मे आकर विधि संकाय की अध्धयन कार्य की दिक्कतो को जल्द दूर कर करने का कार्य करेगे।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा
# लांजी किरनापुर
● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

## किरनापुर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया जल गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण

### फील्ड टेस्टिंग किट से सीखी पानी परीक्षण की प्रक्रिया..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***बालाघाट जिला के विकासखंड किरनापुर अंतर्गत जल गंगा संवर्धन गतिविधि के तहत 18 मई 2026 को जनपद पंचायत किरनापुर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी***





विभाग **(PHE)** द्वारा फील्ड टेस्टिंग किट **(FTK)** प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम स्तर पर पेयजल गुणवत्ता की नियमित निगरानी को मजबूत बनाना एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल परीक्षण के लिए प्रशिक्षित करना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मोरवाही, सेवती, मोहगांव खुर्द एवं भालवा सेक्टर की कुल 79 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सेक्टर सुपरवाइजरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण ब्लॉक समन्वयक श्रुति डहाटे द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान सभी 79 कार्यकर्ताओं की **FTK** यूजर आईडी भी बनाई गई, जिसमें हरीश झा, शीतल मिश्रा, रानी सिंह राजपूत एवं मोहिनी पटले का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों से लाए गए पानी के नमूनों की मौके पर ही जांच कर कार्यकर्ताओं को बताया गया कि पानी में घुले विभिन्न तत्वों की पहचान किस प्रकार की जाती है। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से पानी की गुणवत्ता के 4 से 5 महत्वपूर्ण मानकों की जांच करना सिखाया गया। इनमे **pH** मान (पानी की अम्लीयता एवं क्षारीयता), फ्लोराइड की मात्रा, आयरन (लोहा) की मात्रा एवं पानी की कठोरता (हार्डनेस) शामिल रही। प्रशिक्षकों ने सरल एवं व्यावहारिक तरीके से सभी परीक्षणों का लाइव डेमो प्रस्तुत किया जिससे कार्यकर्ताओं को प्रक्रिया समझने में आसानी हुई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट उपखंड किरनापुर के उपयंत्री पवन पराडकर ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के पेयजल स्त्रोतों की वर्ष में कम से कम दो बार, मानसून से पहले एवं मानसून के बाद अनिवार्य रूप से जांच करें। उन्होंने कहा कि नियमित जल परीक्षण से दूषित पानी की पहचान समय रहते हो सकेगी तथा लोगों को सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण के पश्चात आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वयं रुचि लेकर अपने केंद्रों के पेयजल स्त्रोतों की जांच की और सभी परीक्षणों को व्यवहारिक रूप से समझा। कार्यकर्ताओं ने इस पहल को ग्राम स्तर पर जल गुणवत्ता निगरानी मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड कार्यालय बालाघाट से शीतल मिश्रा एवं हरीश झा **(PMU)**, उपखंड किरनापुर से उपयंत्री पवन पराडकर, ब्लॉक समन्वयक रानी सिंह राजपूत, श्रुति डहाटे एवं मोहिनी पटले उपस्थित रहीं। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक रेखा देशमुख एवं धनवंता वरकड़े की उपस्थिति रही। महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी किरनापुर श्रीमती जागृति बघेल का भी कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## बालाघाट आगमन पर दादा गुरु का कोटेश्वर महादेव की फोटो देकर किया सम्मान..

### सावन के अवसर पर लांजी आने दिया न्योता..

जगप्रेरणा लांजी।

***धर्म और अध्यात्म की प्राचीन परंपराओं से ओतप्रोत धर्मनगरी लांजी का नाम सदियों से भगवान कोटेश्वर महादेव की तपोभूमि के रूप में श्रद्धा से लिया जाता रहा है।***





यहां की आध्यात्मिक चेतना, संत परंपरा और धूनी संस्कृति ने क्षेत्र को विशेष पहचान प्रदान की है। कहा जाता है कि कोटेश्वर धाम में वर्षों से साधु-संतों की तपस्या और आराधना होती रही है, जिसके कारण यह भूमि शिवभक्ति और साधना का प्रमुख केंद्र मानी जाती है। दादा गुरु भगवान के प्रति लांजी धूनी दरबार के सेवकों की आस्था कोई नई नहीं है। कुछ माह पूर्व जब दादा गुरु भगवान मां नर्मदा परिक्रमा के पावन यात्रा मार्ग पर निकले थे, तब भी धर्मनगरी लांजी का यह सेवक जत्था उनकी सेवा, सत्संग और दर्शन हेतु पहुंचा था। सेवा, समर्पण और संतों के प्रति श्रद्धा की यही परंपरा लांजी की आध्यात्मिक विरासत को जीवंत बनाए हुए है। दादा गुरु भगवान के संबंध में श्रद्धालुओं का मानना है कि वे सरलता, सेवा, तप और मानव कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उनके सत्संगों में अध्यात्म के साथ मानवता, सद्भाव और संयम का संदेश विशेष रूप से दिया जाता है, जिसके कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनसे जुड़ रहे हैं। जिले की पुण्यधरा पर दादा गुरु भगवान के प्रथम आगमन ने श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संचार कर दिया। कंजई में आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम में भक्तों की भारी उपस्थिति ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह जयकारों, पुष्पवर्षा और पूजन-अर्चन के साथ दादा गुरु भगवान का आत्मीय स्वागत किया गया।

### सावन मास में धर्मनगरी लांजी आने का दिया न्यौता..

इसके पश्चात धर्मनगरी लांजी के दादा धूनी दरबार के सेवकों ने लालबर्रा स्थित नर्मदा परिक्रमा वासी नरेंद्र बाँपचे के प्रतिष्ठान पहुंचकर आयोजित विशेष पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान श्रद्धा और समर्पण भाव से दादा गुरु भगवान का पूजन-अर्चन किया गया तथा उन्हें दादा कोटेश्वर नाथ भगवान का छायाचित्र भेंट कर सावन मास में धर्मनगरी लांजी स्थित प्राचीन कोटेश्वर धाम पधारने हेतु विनम्र आमंत्रण दिया गया। दादा गुरु भगवान ने भक्तों की भावना को सहर्ष स्वीकार करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। इस पावन अवसर पर धूनी दरबार लांजी से नारायणदत्त खरगाल, उमाकांत उपराड़े, मनोज किरनापुरे, कुशलेश कलपुरिया, परेश पटेल, महेंद्र मस्के, शिवम ठाकरे एवं नरेश डोलस सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में सभी भक्तों ने प्रार्थना की कि दादा गुरु भगवान की असीम कृपा समस्त क्षेत्रवासियों पर बनी रहे तथा धर्मनगरी लांजी की आध्यात्मिक ज्योति निरंतर प्रज्ज्वलित होती रहे।

## मानसून से पहले भी नहीं सुलझी लांजी की जल निकासी समस्या..

**5.50 करोड़ की योजना अब तक कागजों में..**

जगप्रेरणा लांजी।

***नगर परिषद लांजी में वर्षों से चली आ रही जल निकासी की विकराल समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। मानसून आने में अब महज दो-तीन सप्ताह का समय शेष है,***





लेकिन नगर परिषद प्रशासन और जिम्मेदार इंजीनियर अब तक किसी स्थायी समाधान की दिशा में ठोस पहल करते नजर नहीं आ रहे हैं। नगर के पुलिस थाना क्षेत्र से लेकर वार्ड क्रमांक 03, बस स्टैंड, बालाघाट रोड, दखनीटोला रोड और आमगांव रोड बाजार चौक तक का बरसाती पानी वर्षों से उस्मान के खेत होते हुए एरिगेशन कार्यालय के पीछे से काशी नाले और फिर सोन नदी तक पहुंचता रहा है। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब कथित रूप से भूमि मालिक द्वारा जल निकासी मार्ग को बंद कर दिया गया। इसके बाद से हर वर्ष बारिश में जलभराव की आशंका और अधिक बढ़ती जा रही है। बावजूद इसके नगर परिषद प्रशासन केवल कागजी दावों और आश्वासनों तक सीमित दिखाई दे रहा है।

### सीआरपीसी की धारा 133 से भी जुड़ा मामला..

बताया जाता है कि यह मामला सीआरपीसी की धारा 133 से भी जुड़ा हुआ है, जिसके तहत प्राकृतिक जल निकासी बाधित करना दंडनीय माना गया है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा वर्षों से कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। नगर परिषद, राजस्व विभाग और जनपद पंचायत के बीच सीमावर्ती राजस्व भूमि पर अतिक्रमण और भू-माफियाओं के कब्जों ने समस्या को और विकराल बना दिया है। सबसे हैरानी की बात यह है कि बीते दो वर्षों से नगर परिषद में पदस्थ इंजीनियर लगातार यही बयान देते आ रहे हैं कि जल निकासी व्यवस्था के लिए लगभग 5.50 करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी तथा इसका स्टीमेट शासन को भेजा गया है।

बालाघाट रोड से काशी नाले तक लगभग एक किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाने की बात भी कही जाती रही, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक न तो पाइपलाइन दिखी और न ही किसी बड़े निर्माण कार्य की शुरुआत हुई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि करोड़ों के अनुमान और प्रस्ताव केवल फाइलों में घूमते रहे, जबकि नगरवासी हर वर्ष जलभराव की दहशत झेलने को मजबूर हैं।

### जलभराव के बाद जागते हैं इंजीनियर और अमला..

नगर में पिछले दस वर्षों से बारिश के दौरान यही स्थिति बनती आ रही है कि पानी भरने के बाद प्रशासन जेसीबी मशीन से अस्थायी कच्ची नाली खोदकर खानापूर्ति कर देता है और बारिश खत्म होते ही मामला फिर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। स्थायी जल निकासी योजना आज तक धरातल पर नहीं उतर सकी।

विशेषज्ञों और नागरिकों का मानना है कि यदि समय रहते जल निकासी मार्गों को मुक्त नहीं कराया गया और स्थायी ड्रेनेज व्यवस्था विकसित नहीं की गई, तो इस वर्ष भारी बारिश के दौरान नगर के कई हिस्सों में गंभीर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसी स्थिति में प्रशासन को आपदा प्रबंधन दल तक बुलाने की नौबत आ सकती है। वहीं मानसून दस्तक देने को तैयार है, लेकिन नगर की सबसे गंभीर समस्या पर प्रशासनिक संवेदनशीलता अब भी दिखाई नहीं दे रही।

### बोले इंजीनियर अमित नगपुरे..

उक्त समस्या के समाधान के लिये नगर परिषद प्रयासरत है। आगामी 15 दिनों में नगर के जलभराव वाले क्षेत्रों की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## दिघोरी के जिज्ञाश ने किक बॉक्सिंग में पाया गोल्ड मेडल, राजधानी भोपाल में दिखाई प्रतिभा

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र प्रतिभाओं और होनहार युवाओं की धरती के रूप में लगातार अपनी अलग पहचान बना रहा है। खेलकूद, शिक्षा, व्यवसाय, चिकित्सा, इंजीनियरिंग,***

कला-संस्कृति एवं धर्म-अध्यात्म जैसे विभिन्न क्षेत्रों में यहां के युवा अपनी काबिलियत और मेहनत का परचम बुलंद कर रहे हैं। ग्रामीण अंचलों से निकलकर राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर सफलता हासिल करने वाले इन प्रतिभाशाली युवाओं ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ऐसी ही एक शानदार उपलब्धि ग्राम दिघोरी के होनहार छात्र जिज्ञाश कालबेले ने हासिल कर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

क्षेत्र के ग्राम दिघोरी निवासी जिज्ञाश कालबेले ने खेल जगत में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए जिले और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिज्ञाश कालबेले पिता अरुण कुमार कालबेले वर्तमान में पीएम श्री डेमोन्स्ट्रेशन मल्टीपरपज स्कूल, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आरआईई), भोपाल में कक्षा 5वीं के छात्र हैं। उन्होंने 8 से 10 मई 2026 तक इंदौर में आयोजित द्वितीय मध्य प्रदेश स्टेट किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।










### कठिन मुकाबलों को पार कर जीता गोल्ड मेडल..

प्रदेशभर से पहुंचे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच जिज्ञाश ने अपने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन, आत्मविश्वास और जज्बे का शानदार परिचय दिया। कठिन मुकाबलों को पार करते हुए उन्होंने गोल्ड मेडल जीतकर न केवल अपने विद्यालय बल्कि लांजी क्षेत्र और बालाघाट जिले का भी नाम रोशन किया। कम उम्र में उनकी यह उपलब्धि खेल जगत में उनकी उज्ज्वल संभावनाओं की ओर इशारा कर रही है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ जिज्ञाश ने लगातार दूसरी बार नेशनल लेवल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। यह उपलब्धि क्षेत्र के लिए गौरव और खुशी का क्षण है। खेल प्रेमियों का कहना है कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना और लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होना किसी बड़ी कामयाबी से कम नहीं है।

### परिजनों और परिचितों ने जाहिर की खुशी..

जिज्ञाश की इस सफलता से परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। माता-पिता एवं परिजनों ने इसे उनकी मेहनत, लगन और नियमित अभ्यास का नतीजा बताया। वहीं मित्रों, समाजजनों, खेल प्रेमियों और शुभचिंतकों ने उन्हें मुबारकबाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की दुआएं दी हैं।

विद्यालय परिवार ने भी जिज्ञाश की उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी सफलताएं अन्य छात्र-छात्राओं को भी खेलों के प्रति प्रेरित करती हैं। शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि जिज्ञाश आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेंगे।

## विद्यार्थियों को खेतों का भ्रमण कराकर, बताए जैविक खेती के गुर

### कृषि आधारित रोजगार के बताए लाभ..

जगप्रेरणा लांजी।

***व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण 2026 के अंतर्गत 18 मई को शासकीय हाई स्कूल साड़रा द्वारा आयोजित ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के लिए व्यवहारिक शिक्षा का प्रेरणादायी माध्यम साबित हुआ। खेतों की मिट्टी से जुड़कर***

छात्र-छात्राओं ने आधुनिक कृषि तकनीकों, जैविक खेती, सिंचाई प्रबंधन एवं फसल संरक्षण की बारीकियों को न केवल समझा, बल्कि किसानों के अनुभवों से कृषि क्षेत्र की वास्तविक चुनौतियों और संभावनाओं का भी गहन ज्ञान प्राप्त किया। यह शैक्षणिक भ्रमण छात्र-छात्राओं को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ाकर स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता और कृषि आधारित भविष्य की ओर प्रेरित करने वाला साबित हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को स्थानीय कृषक भोजराज बल्लारखेड़े के कृषि क्षेत्र का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने खेतों में जाकर खेती-किसानी की आधुनिक पद्धतियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरान किसानों ने छात्र-छात्राओं को सब्जी फसलों की उन्नत खेती, गुणवत्तायुक्त बीज चयन, खेत की वैज्ञानिक तैयारी, सिंचाई प्रबंधन, जैविक खाद के उपयोग तथा कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न फसलों का निरीक्षण कर उनकी देखरेख की विधियां समझीं। विशेष रूप से बेल वाली फसलों को सहारा देने की तकनीक, पौधों की सुरक्षा, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा फसल संरक्षण संबंधी उपाय छात्र-छात्राओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। किसानों ने जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव और जैविक खाद के लाभों से भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। छात्र-छात्राओं ने खेती से होने वाले आर्थिक लाभ, बाजार की मांग के अनुरूप फसल चयन तथा उत्पादन बढ़ाकर अधिक मुनाफा अर्जित करने के व्यावहारिक तरीकों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही खेती में आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान पर किसानों से खुलकर चर्चा कर कृषि क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों को नजदीक से समझने का अवसर मिला। छात्र-छात्राओं ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण उन्हें वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने के साथ-साथ भविष्य में कृषि आधारित रोजगार और आधुनिक खेती की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस. के. नारनौरे, वरिष्ठ शिक्षक एम. के. गुर्दे, कृषि प्रशिक्षक कु. हर्षिता बैस, छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे। सभी ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं व्यवहारिक शिक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।



उत्कृष्टता एवम् गुणवत्ता के 20 वर्ष...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
SUSHRUT PROCTO AYURVEDA GONDIA
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व संशोधन केन्द्र
• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर)
• फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्दरहित सफल चिकित्सा
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 09823021274
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया
07182-230404

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433



जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख







दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433


## वैश्विक तनाव,कच्चे तेल और शेयर बाजारों का उथल- पुथल भरा सप्ताह: निवेशकों की बढ़ती धड़कनों के बीच विश्व अर्थव्यवस्था का नया संकेत- डॉलर की मार रुपया 96 पार- गिरते भारतीय रुपए से खलबली?

वैश्विक स्तरपर मई 2026 का दूसरा सप्ताह वैश्विक अर्थव्यवस्था,भारतीय वित्तीय बाजारों और आम नागरिकों के लिए अत्यंत संवेदनशील और चिंताजनक संकेत लेकर आया। यह सप्ताह केवल शेयर बाजारों के उतार-चढ़ाव तक सीमित नहीं रहा,बल्कि इसने यह स्पष्ट कर दिया कि आज की दुनियाँ में अर्थव्यवस्था,भू- राजनीति,ऊर्जा संकट, मुद्रा विनिमय और निवेशक मनोविज्ञान एक-दूसरे से कितनी गहराई से जुड़े हुए हैं। एक ओर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने कच्चे तेल की कीमतों को ऊंचाई पर पहुंचा दिया, वहीं दूसरी ओर डॉलर की मजबूती और रुपया जो कि अब डॉलर के मुकाबले संभवतः 96 पार चला गया है,इसकी ऐतिहासिक कमजोरी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दीं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि भारतीय व वैश्विक शेयर बाजारों व भारतीय तथा वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में लगातार बदलते रुझानों ने निवेशकों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर आने वाले दिनों में विश्व अर्थव्यवस्था किस दिशा में जाएगी। पूरे सप्ताह भारतीय शेयर बाजार अस्थिरता के दौर से गुजरते रहे। सप्ताह की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई, लेकिन बीच में तेज वापसी भी देखने को मिली।निवेशकों को ऐसा लगा कि शायद बाजार संभल जाएगा, परंतु अंतिम कारोबारी दिन फिर दबाव बढ़ गया। शुरुआती घंटों में तेजी दिखाई देने के बाद अंतिम घंटे में अचानक बिकवाली बढ़ी और बाजार नीचे फिसल गया।यह स्थिति इस बात का संकेत थी कि निवेशकों के भीतर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। बंबई शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ जबकि राष्ट्रीय शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक भी नीचे आ गया। यह गिरावट भले ही प्रतिशत के हिसाब से बहुत बड़ी न लगे, लेकिन इसके पीछे छिपे संकेत अत्यंत गंभीर हैं। बाजार का अंतिम घंटे में टूटना यह दर्शाता है कि बड़े निवेशकों में भरोसे की कमी बनी हुई है और वे सटीक जोखिम लेने से बच रहे हैं।

साथियों, इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा कारण वैश्विक तनाव रहा। पश्चिम एशिया में ईरान और अन्य शक्तियों के बीच बढ़ती तनातनी ने ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता पैदा कर दी। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं इस बात से डरी हुई हैं कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य पर किसी प्रकार का संकट उत्पन्न होता है तो वैश्विक तेल आपूर्ति बाधित हो सकती है। दुनिया के बड़े तेल उत्पादक क्षेत्रों में तनाव बढ़ने का सीधा असर ऊर्जा कीमतों पर पड़ता है और यही इस सप्ताह देखने को मिला। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने उन देशों की चिंता बढ़ा दी जो आयातित तेल पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में शामिल है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा विदेशों से खरीदता है, इसलिए तेल की कीमतों में हर वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ डालती है।तेल महंगा होने का अर्थ केवल पेट्रोल और डीजल का महंगा होना नहीं है। इसका प्रभाव परिवहन, उद्योग, कृषि, बिजली उत्पादन और रोजमर्रा की वस्तुओं तक पहुंचता है। जब परिवहन लागत बढ़ती है तो खाद्य सामग्री से लेकर उपभोक्ता वस्तुओं तक हर चीज महंगी होने लगती है। यही कारण है कि बाजार में महंगाई को लेकर चिंता बढ़ गई है। निवेशकों को डर है कि यदि तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची रहीं तो भारतीय रिजर्व बैंक को ब्याज दरों को लेकर कठोर रुख अपनाना पड़ सकता है। ब्याज दरें ऊंची रहने का अर्थ है उद्योगों के लिए महंगा कर्ज, कम निवेश और आर्थिक गतिविधियों की गति में कमी।

साथियों, इस सप्ताह की सबसे बड़ी आर्थिक घटनाओं में से एक रही भारतीय रुपये की ऐतिहासिक गिरावट।डॉलर के मुकाबले रुपया पहली बार 96 के पार पहुंच गया। यह केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है। रुपये की कमजोरी का सीधा अर्थ है कि विदेशों से आयातित वस्तुएं और अधिक महंगी हो जाएंगी।कच्चा तेल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, औद्योगिक मशीनें और कई महत्वपूर्ण कच्चे माल डॉलर में खरीदे जाते हैं।जब रुपया कमजोर होता है तो भारत को समान मात्रा में वस्तुएं खरीदने के लिए अधिक रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इसका असर अंततः उद्योगों और आम जनता दोनों पर पड़ता है।रुपये की गिरावट के पीछे कई कारण रहे। पहला कारण डॉलरकी वैश्विकमजबूती है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था से जुड़े मजबूत आंकड़ों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया और डॉलर में निवेश को सुरक्षित माना जाने लगा।दूसरा कारण विदेशी निवेशकों का सतर्क रुख रहा। जब वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ता है तो विदेशी निवेशक उभरते बाजारों से पैसा निकालकर सुरक्षित माने जाने वाले अमेरिकी बाजारों की ओर बढ़ते हैं। यही कारण है कि भारत सहित कई विकासशील देशों की मुद्राओं पर दबाव देखने को मिला।हालांकि सप्ताह के कुछ दिनों में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने खरीदारी भी की, लेकिन घरेलू संस्थागत निवेशकों की बिकवाली ने बाजार को संतुलित नहीं रहने दिया। बड़े निवेशकों के इस बदलते व्यवहार ने बाजार में अस्थिरता और बढ़ा दी। छोटे निवेशकों और व्यवस्थित निवेशयोजनाओं में पैसा लगाने वाले लोगों के सामने दुविधा की स्थिति बनी रही। एक ओर गिरते बाजार में सस्ते स्तर पर निवेश काअवसर दिखाई दे रहा था, वहीं दूसरी ओर लगातार बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं ने जोखिम भी बढ़ा दिया।यदि क्षेत्रवार प्रदर्शन देखा जाए तो सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीक से जुड़ी कंपनियों में निवेशकों की रुचि बनी रही। वैश्विक स्तर पर तकनीकी कंपनियों में निवेश बढ़ने का लाभ भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों को भी मिला।इसके अतिरिक्त दैनिक उपभोग से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में भी स्थिरता दिखाई दी क्योंकि निवेशक अनिश्चित समय में ऐसे क्षेत्रों को अपेक्षाकृत सुरक्षित मानते हैं। इसके विपरीत धातु, तेल एवं गैस, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक तथा अचल संपत्ति क्षेत्र दबाव में रहे। इन क्षेत्रों पर वैश्विक मांग में कमी, लागत बढ़ने और ब्याज दरों के दबाव का असर साफदिखाई दिया।

साथियों, पूरे सप्ताह यह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया कि अब बाजार केवल आर्थिक आंकड़ों से नहीं चलते, बल्कि भू- राजनीतिक घटनाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो चुकी हैं। युद्ध, प्रतिबंध, तेल आपूर्ति, समुद्री मार्ग और वैश्विक कूटनीति अब शेयर बाजारों की दिशा तय करने लगे हैं। निवेशक अब केवल कंपनियों के लाभ और घाटे को नहीं देख रहे, बल्कि वे यह भी देख रहे हैं कि दुनिया के किस क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है और उसका असर किस उद्योग पर पड़ेगा।भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने के बावजूद ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर है। यदि तेल महंगा होता है तो व्यापार घाटा बढ़ता है,रुपया कमजोर होता है और महंगाई का दबाव बढ़ जाता है। यही स्थिति इस समय दिखाई दे रही है। सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक दोनों के सामने संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। एक ओर आर्थिक विकास की गति बनाए रखना आवश्यक है, वहीं दूसरी ओर महंगाई को नियंत्रण में रखना भी जरूरी है।

साथियों, भारतीय रिजर्व बैंक पर दबाव बढ़ सकता है कि वह रुपये को संभालने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करे। लेकिन यह उपाय लंबे समय तक कारगर नहीं हो सकता।यदि वैश्विक परिस्थितियां खराब बनी रहती हैं तो केवल मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप से समस्या हल नहीं होगी। इसके लिए व्यापक आर्थिक रणनीति की आवश्यकता होगी जिसमें ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण, निर्यात वृद्धि और घरेलू उत्पादन क्षमता को मजबूत करना शामिल होगा।आम जनता के स्तर पर भी इस सप्ताह के आर्थिक घटनाक्रम का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देने लगा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संभावित वृद्धि से परिवहन महंगा होगा। इसका असर सब्जियों, खाद्यान्न दूध और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर पड़ेगा। मध्यम वर्ग की बचत और खर्च दोनों प्रभावित हो सकते हैं। जिन लोगों ने शेयर बाजार में निवेश किया है उनके सामने चिंता की स्थिति है, लेकिन दीर्घकालिक निवेशकों के लिए यह अवसर भी माना जा रहा है।सोना इस पूरे दौर में सुरक्षित निवेश के रूप में मजबूत बना हुआ है। वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने पर निवेशक परंपरागत रूप से सोने की ओर आकर्षित होते हैं। यही कारण है कि सोने की मांग और कीमतों में मजबूती बनी हुई है। यदि आने वाले दिनों में युद्ध और तेल संकट गहराता है तो सोना और अधिक मजबूत हो सकता है।यह सप्ताह एक और महत्वपूर्ण संदेश देकर गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अभी भी अत्यंत नाजुक स्थिति में है। महामारी के बाद दुनिया जिस स्थिरता की उम्मीद कर रही थी, वह अभी पूरी तरह स्थापित नहीं हो पाई है। युद्ध, ऊर्जा संकट, महंगाई, ब्याज दरें और मुद्रा अस्थिरता लगातार नई चुनौतियां पैदा कर रहे हैं। ऐसे समय में विकासशील देशों के लिए आर्थिक संतुलन बनाए रखना और भी कठिन हो जाता है।

साथियों भारत के संदर्भ में सकारात्मक पक्ष यह है कि देश की दीर्घकालिक विकास क्षमता अभी भी मजबूत मानी जा रही है। विशाल घरेलू बाजार, युवा जनसंख्या, तकनीकी प्रगति और बुनियादी ढांचे में निवेश भारत को दीर्घकालिक मजबूती प्रदान करते हैं। यही कारण है कि वैश्विक संकटों के बावजूद भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में विकास का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। लेकिन अल्पकालिक चुनौतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया का तनाव बढ़ता है और तेल की कीमतें लगातार ऊंची बनी रहती हैं तो आने वाले सप्ताहों में भारतीय बाजारों पर और दबाव आ सकता है। रुपया और कमजोर हो सकता है तथा विदेशी निवेशकों की सतर्कता बढ़ सकती है। वहीं यदि कूटनीतिक स्तर पर तनाव कम होता है और तेल कीमतों में राहत मिलती है तो बाजारों में स्थिरता लौट सकती है।

साथियों अंतरराष्ट्रीय बाजारों की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं रही। अमेरिका के प्रमुख शेयर सूचकांक नई ऊंचाइयों के करीब पहुंचे। वहां तकनीकी कंपनियों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। मजबूत खुदरा आंकड़ों ने यह संकेत दिया कि अमेरिकी उपभोक्ता खर्च अभी भी मजबूत बना हुआ है। इससे निवेशकों को विश्वास मिला कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था फिलहाल मंदी से बची हुई है। लेकिन दूसरी ओर एशियाई बाजारों में भारी अस्थिरता बनी रही। जापान, हांगकांग और चीन के बाजारों में दबाव देखने को मिला। चीन-अमेरिका संबंधों को लेकर चिंता और पश्चिम एशिया संकट ने एशियाई निवेशकों की चिंता बढ़ा दी।यूरोप के बाजार भी ऊर्जा संकट और तेल कीमतों के दबाव से प्रभावित रहे। जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के प्रमुख सूचकांकों में कमजोरी देखी गई। यूरोप पहले से ही ऊर्जा आपूर्ति की चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में तेल कीमतों में नई तेजी ने वहां के उद्योगों और उपभोक्ताओं दोनों पर दबाव बढ़ा दिया। यूरोपीय अर्थव्यवस्था की धीमी गति का असर वैश्विक व्यापार पर भी पड़ सकता है।




रचनाकार

एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि वर्तमान परिस्थितियां यह भी सिखाती हैं कि निवेश केवल भावनाओं के आधार पर नहीं किया जा सकता। निवेशकों को धैर्य,अनुशासन औरदीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। अल्पकालिक उतार-चढ़ाव बाजार का स्वाभाविक हिस्सा हैं, लेकिन जो निवेशक मजबूत आर्थिक आधार और संतुलित रणनीति अपनाते हैं, वे लंबे समय में बेहतर परिणाम प्राप्त करते हैं।

अंततः मई 2026 का यह सप्ताह विश्व अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण चेतावनी की तरह देखा जाएगा। इसने यह स्पष्ट कर दिया कि आधुनिक दुनिया में किसी एक क्षेत्र का तनाव पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। मध्य-पूर्व का संकट भारत की जेब और बाजार दोनों पर असर डाल रहा है। रुपये की कमजोरी और तेल की मजबूरी भारतीय अर्थव्यवस्था की बड़ी चुनौती बनती जा रही है। वैश्विक निवेशक युद्ध, तेल और ब्याज दरों के त्रिकोण में फंसे दिखाई दे रहे हैं। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि दुनिया कूटनीति और आर्थिक संतुलन के माध्यम से इन चुनौतियों से कैसे बाहर निकलती है। फिलहाल इतना स्पष्ट है कि यह सप्ताह निवेशकों के लिए धैर्य, रणनीति और समझदारी की कठिन परीक्षा बनकर सामने आया है।


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 170



ck;! l nk;! & 1) कृतज्ञ, उपकारोंके नीचे दबा हुआ 6) दस्ताऐवजोंकी नकल बनाकर देने का व्यवसाय करनेवाला 10) साथ में रहना, व्यभिचार 13) वायु 15) लेखनी 16) याराना, अमिताभ बच्चनकी एक फिल्म 18) दूल्हा 19) दसवीं राशी 20) बकबक, फिजूल की बातें 22) एक देवर्षी 24) बार 26) नाना का पिता 27) परिवार, कुल के सब लोग 28) दुःख, पीड़ा 30) अभिनेता आदित्य पंचोली की पत्नी, पुरानी फिल्म 'चितचोर' की नायिका 32) धूर्तता, ठगी, धोखा 34) साहित्य में रसों की संख्या 35) रत्न 37) रसिया, सहृदय 39) लोहे को स्पर्श करने से सोना बना देनेवाला काल्पनिक पत्थर 40) पर्वत की चोटी 41) समान 43) हनुमानजी का शस्त्र 45) कौआ (संस्कृत) 46) नुकसानदायक 48) फायदा 49) सुबह 51) राजप्रासाद 55) हाथ 56) घ्राणेंद्रिय 58) अधिक 60) दिल 61) हरियाणा का एक प्रमुख शहर 63) जो भीगकर गीला हो गया हो, सना हुआ 65) परीक्षा में लिखें अंश को चोरी से उत्तर पत्रिका में लिखना 68) पैर 69) कहानी या फिल्म का सहनायक 71) स्थगित होना, हटना 72) सौ (संस्कृत) 73) कार्य 74) तह 76) आरुढ़ 78) श्रीकृष्ण का एक नाम 79) जहन्नुम 80) सूजी से बनाया जानेवाला एक मीठा खाद्य व्यंजन 81) हिन्दुस्थान 83) मां 84) इच्छा, अभिलाषा 86) योग्यता 88) प्राप्त करना 91) राजी 92) निर्लज्ज 93) श्लेष्मा, बलगम 95) अगर 96) यायावर, घुमक्कड़ 98) एक मेवा 100) धावक (अंग्रेजी) 102) वह स्थान जहां हुसैन साहब मारे गये थे. 104) हजार का दसवां भाग 105) घी या तेल में पकाया जानेवाला व्यंजन 107) किसी मंत्र या देवता के नाम का बार बार किया जानेवाला उच्चारण 109) असफल 111) पति या प्रेमी 114) परामर्श 116) लोहे या लकड़े की पेटी 117) राज सभा 118) करीब 119) शकुंतला और दुष्यन्त का पुत्र 120) ऊपर से नीचे आना

Åij l uhp & 1) एक भिल्ल धनुर्धर जिसने गुरुदक्षिणा के रुप में द्रोणाचार्य को अपना अंगुठा काटकर दिया था. 2) किसानों का एक औजार 3) शिवसेना का महाराष्ट्र से प्रकाशित एक प्रमुख मराठी दैनिक समाचार पत्र 4) विभीषण की भाभी 5) कागजों के 25 तावों का समूह 7) काम 8) नया 9) शूर 10) कोई काम करने योग्य होना, एक सहायक क्रिया 11) चुराना 12) नसीहत, शिक्षा 13) थाने की कोठरी, जहां अभियुक्त को निर्णय होने तक रखा जाता है. 14) रहना, गंध 17) प्रसिद्ध 19) जिसकी मृत्यू समीप हो या होनेवाली हो. 21) हिन्दी के एक प्रसिद्ध संत कवि 23) धोबी 25) बचा हुआ 26) लेकिन 29) भारत का सबसे बड़ा मरुस्थल 31) अपवित्र 32) तीव्र 33) विष्णु या शिवजी का एक नाम 36) चोंचला 38) जुल्म 40) मृगया 42) कुटुम्ब 44) राजा हरिश्चन्द्र की पत्नी का नाम 45) समय, युग 47) अंदर से बाहर आना 50) अनावश्यक 52) लोग 53) मुसलमानोंद्वारा संतो या पूजनीय व्यक्तियों के लिए एक संबोधन 54) कसोटी, परीक्षा 57) छल, धोखाधड़ी 59) अशुद्ध 62) भारत का एक प्राचीन कालीन प्रसिद्ध विश्वविद्यालय 63) पक्षाघात 64) जमीन पर विचरण करनेवाला 66) खींचतान 67) बच्चों का नाम रखने का संस्कार 68) भेड़ – बकरियां चरानेवाला 70) शाहरुख खान, जुही चावला की एक पुरानी फिल्म 74) समय का एक सूक्ष्म भाग 75) कायम 77) दया दिखाना अर्थवाला एक मुहावरा 79) गुजरात और मध्य प्रदेश से बहनेवाली एक नदी 80) जिद करना 81) मस्तक, कपाल 82) गीला 85) मध्य प्रदेश का सिमेंट के कारखानों के लिए प्रसिद्ध एक शहर 87) पहरेदार 89) परिणाम (उर्दू) 90) एक अत्यंत महीन वस्त्र 92) निःसंदेह 94) कलाकार 97) मध्यान्ह काल 99) श्रमिक 101) एक विदेशी शराब 102) 'कब्र' का अपभ्रंश रुप 103) निर्वाह 106) हवा 108) परिपक्व होना 110) स्मृति 112) गंदगी 113) आकाश 115) फायदा 116) साधु, मुनि (जवाब अगले अंक में )

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## कोरोना काल..

अस्पताल में टुटती
आक्सीजन को तरसती
सांसें कुछ पुछ रही है,


श्मशान में जलती
गंगा नदी मे तैरती
लाशें कुछ पुछ रही है।

आधुनिक भारत का
कैसा ये प्रभाव है,
कहीं दवा
कहीं इलाज
का अभाव है।
अच्छे दिन
आम जनता पर
बन आये आफ्त है,
कहीं किसान
आत्महत्याएं
कहीं जवानों की
शहादत है।
रोज टुटती हुई यें
आसें कुछ पुछ रही है।।
श्मशान में..

कहीं दवाओं की
कालाबाजारी है,
कहीं अस्पतालों में
फीस भारी है।
सरकार के संरक्षण में
लुट बेखौफजारी है।
फ्री का नाटक है
पैसा लग रहा
हर चीज़ का,
अस्पताल में जाते ही
सौदा होता
है मरीज़ का।
पापा के हाल पर बेटी
मां से कुछ पुछ रही है,
श्मशान में जलती
गंगा नदी में तैरती
लाशें कुछ पुछ रही है।।

कैसा ये विनाश है
नाम रखा विकास है,
सिर्फबड़ों को लाभ है
बाकी सबका
सत्यानाश है।
ये कैसी तुम्हारी
चौकीदारी है,
कहीं लुट कहीं दंगा
कहीं बलात्कार
जारी है।
रोज टुटती जनता की
ख्वाहिशें कुछ
पुछ रही है,
श्मशान में जलती
गंगा नदी में तैरती
लाशें कुछ पुछ रही है।।

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट






# एशियाई खेलों के ट्रायल के लिये विनेश को राहत नहीं, दूसरा पक्ष सुनकर ही फैसला देगी अदालत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को पहलवान विनेश फोगाट को 'दूसरे पक्ष की बात सुने बिना' तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया। विनेश ने अदालत से 30 और 31 मई को एशियाई खेलों के लिये होने वाले चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति का निर्देश देने का अनुरोध किया था ।***




भारतीय कुश्ती महासंघ ने उन्हें 26 जून तक डब्ल्यूएफआई के किसी भी टूर्नामेंट में भाग लेने से अयोग्य करार दिया है। अदालत ने विनेश को डब्ल्यूएफआई के कारण बताओ नोटिस का विस्तृत जवाब देने के लिये कहा है । महासंघ ने उस पर अनुशासनहीनता और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

न्यायमूर्ति पुरूषेंद्र कूमार कौरव ने महासंघ को निर्देश दिया कि कारण बताओ नोटिस को छह जुलाई तक तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाये और उनके समक्ष फैसला रखें। अदालत ने 'अयोग्यता' को लेकर विनेश की याचिका पर डब्ल्यूएफआई ,केंद्र और भारतीय ओलंपिक संघ को नोटिस दिये हैं और कहा कि इस मामले में 'प्रतिस्पर्धी हितों' के बीच संतुलन बनाये रखना जरूरी है।

विनेश की ओर से सीनियर अधिवक्ता ने कहा कि उन्हें 30 और 31 मई को होने वाले एशियाई खेलों के ट्रायल में भाग लेने दिया जाना चाहिये ।

उन्होंने कहा कि जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मातृत्व अवकाश पर गई महिला एथलीटों की रैंकिंग और दर्जे को सुरक्षित रखा जाता है, वहीं डब्ल्यूएफआई की नवीनतम नीति ने उन्हें इससे बाहर रखा है। न्यायमूर्ति कौरव ने कहा ,'आपको पहले ही अयोग्य घोषित कर दिया गया है। हम दूसरे पक्ष को सुने बिना आपको वह राहत कैसे दे सकते हैं। डब्ल्यूएफआई की नीति को देखना होगा। इसमें आपसी हित जुड़े हुए हैं। हाँ, हम मानते हैं (कि आप मातृत्व अवकाश पर थीं), लेकिन साथ ही, देश का हित भी देखना है। इसलिए, उन्हें जवाब फाइल करने दें।'

अदालत ने जवाब दाखिल करने के लिये दो सप्ताह का समय दिया है। जब विनेश के वकील ने अदालत से उन्हें ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति देने का आग्रह किया, तो अदालत ने पलटकर कहा, 'आपको अनुमति देने और फिर यह कहने का कोई मतलब नहीं है कि आपने जो कुछ भी किया है, वह पूरी तरह से अमान्य है।'

विनेश के वकील ने कहा कि इस मामले में जो दिख रहा है , उससे ज्यादा कुछ है। उन्होंने कहा ,'कारण बताओ नोटिस नौ मई को जारी किया गया । आपने पेरिस ओलंपिक 2024 का मामला उठाया। जो दिख रहा है, इस मामले में उससे कहीं ज्यादा कुछ है ।'

उन्होंने कहा कि विनेश को नोटिस का विस्तृत जवाब देने की अनुमति दी जाये। अदालत ने उन्हें यह अनुमति दी।

मामले की अगली सुनवाई छह जुलाई को होगी। विनेश पिछले सप्ताह राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट के लिये उत्तर प्रदेश के गोंडा पहुंची थी । वह इस टूर्नामेंट के जरिये वापसी करने वाली थी लेकिन महासंघ ने उन्हें पहले कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिये कहा ।

इसके बाद विनेश ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। पेरिस ओलंपिक के बाद कुश्ती को अलविदा कह चुकी विनेश ने इस साल वापसी कर ऐलान किया जबकि महासंघ का कहना है कि वह इसकी पात्रता नहीं रखती । महासंघ ने विनेश पर डब्ल्यूएफआई संविधान और यूडब्ल्यूडब्ल्यू नियमों का उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि कारण बताओ नोटिस का जवाब देने पर ही उसकी वापसी संभव होगी।

विनेश ने 2023 में भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ महिला पहलवानों के प्रदर्शन में भाग लिया था । पेरिस ओलंपिक 2024 में वह 50 किलोवर्ग के फाइनल में 100 ग्राम वजन अधिक होने से बाहर हो गई थी ।

# 'वेलकम टू द जंगल' के गाने में दिखी भारी भीड़, नेटिजन्स ने उड़ाया मजाक, बोले- ये कोई रोजगार योजना है क्या?..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अहमद खान के निर्देशन में बन रही आगामी मल्टी-स्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' इन दिनों काफी चर्चा में है। लगभग 34 दिग्गज और मशहूर कलाकारों से सजी इस फिल्म को लेकर दर्शक लंबे समय से उत्सुक थे।***



कुछ दिनों पहले ही मेकर्स ने फिल्म का एक मजेदार टीज़र जारी किया था, और अब इस कड़ी में फिल्म का बहुप्रतीक्षित टाइटल ट्रैक भी दर्शकों के सामने पेश कर दिया गया है। फिल्म के मुख्य अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इस गाने को फैंस के साथ साझा किया। हालांकि रिलीज होते ही यह गाना सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय तो बन गया है, लेकिन इसे इंटरनेट यूजर्स की ओर से कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है।

## अक्षय कुमार ने शेयर किया गाना..

अक्षय कुमार ने गाने का लिंक साझा करते हुए लिखा कि इस जंगल में अब दहाड़ भी होगी और शोर भी होगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी साफकिया कि सिनेमाघरों में यह जबरदस्त हंगामा जून 2026 से शुरू होने जा रहा है। अगर गाने की बात करें तो यह साल 2007 में आई मूल फिल्म 'वेलकम' के आइकॉनिक टाइटल ट्रैक का ही एक नया और रीक्रिएटेड वर्जन है। मूल गाने को मशहूर संगीतकार जोड़ी साजिद-वाजिद ने तैयार किया था, जबकि इस नए वर्जन को विक्रम मोंट्रोस ने रीक्रिएट किया है। इस नए और ऊर्जावान ट्रैक को गायक शान, प्रिया पाटीदार और खुद विक्रम मोंट्रोस ने अपनी आवाज दी है।

## नेटिजन्स ने उड़ाया मजाक..

जैसे ही यह गाना यूट्यूब और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर आया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट पर इसे लेकर मीम्स और आलोचनाओं का दौर शुरू हो गया। इंटरनेट यूजर्स इस गाने में दिखाई गई भारी भीड़ और इसके अजीबोगरीब म्यूजिक से बिल्कुल भी प्रभावित नहीं हुए। एक यूजर ने तंज कसते हुए लिखा, 'यह किसी '100 दिनों की रोजगार योजना' जैसा लग रहा है, जिसे कहीं काम नहीं मिला, वह इस फिल्म की स्टार कास्ट में शामिल हो गया है। बस इसमें सलमान खान या संजय दत्त का एक कैमियो ही छूटा हुआ है।' वहीं एक अन्य यूजर ने गाने के बोलों पर निशाना साधते हुए लिखा, 'ऐसा लगता है कि कोई सिर्फ मीम्स का इस्तेमाल करके गाना लिख रहा है। यह शायद पहली बार है जब मैंने किसी गाने में बैकग्राउंड डांसर्स की जगह इतने सारे मुख्य अभिनेताओं को एक साथ नाचते हुए देखा है।' एक और नेटिजन ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा कि गाने में बहुत ज्यादा भीड़ है और यह बेहद अव्यवस्थित लग रहा है।

## कब रिलीज होगी 'वेलकम टू द जंगल'?..

'वेलकम टू द जंगल' के निर्माण और इसकी रिलीज की तारीखों को लेकर मेकर्स को कई बार बदलाव करने पड़े हैं। बार-बार टलने के बाद, अब आखिरकार यह फिल्म 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। आपको बता दें कि यह फिल्म सुपरहिट 'वेलकम' फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग है। जहां इस सीरीज के पहले और दूसरे भाग की कहानियां आपस में काफी हद तक जुड़ी हुई थीं, वहीं इसके तीसरे पार्ट को देखकर ऐसा लगता है कि यह पूरी तरह से एक नई कहानी होने वाली है जिसमें एक विशाल और नई स्टार कास्ट को शामिल किया गया है।

इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, रवीना टंडन, जैकलिन फर्नांडीज, उर्वशी रौतेला, अरशद वारसी और जैकी श्रॉफ जैसे कई बड़े सितारे मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। अब यह देखना वाकई दिलचस्प होगा कि इतने सारे कलाकारों की मौजूदगी और इस नए टाइटल ट्रैक को मिले ठंडे रिस्पॉन्स के बाद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल दिखा पाती है।

# अफगानिस्तान श्रृंखला के लिए भारतीय टीम: बुमराह के कार्यभार और रोहित की फिटनेस पर नजरें..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली एकमात्र टेस्ट और तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को जब राष्ट्रीय चयनकर्ता भारतीय टीम का चयन करेंगे, तब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार प्रबंधन***



(खिलाड़ियों को चोट से बचाने के लिए शारीरिक और मानसिक दबाव को नियंत्रित करने की प्रक्रिया) और रोहित शर्मा की मैच फिटनेस पर विशेष चर्चा होगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का फाइनल 31 मई को अहमदाबाद में खेला जाना है,

जबकि एक सप्ताह से भी कम समय के अंतराल पर छह जून से मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा। वनडे मैच धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 14, 17 और 20 जून को खेले जाएंगे। इस बात की संभावना कम है कि बुमराह को दोनों प्रारूपों के लिए चुना जाएगा, क्योंकि वनडे में उन्हें तुरंत खिलाने की कोई जल्दबाजी नहीं है। 50 ओवर का विश्व कप अभी काफी दूर है (अक्टूबर-नवंबर 2027)।

वहीं, रोहित शर्मा की फिटनेस भी चिंता का विषय बनी हुई है। आईपीएल के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वह मुंबई इंडियंस के कई मुकाबलों से बाहर रहे थे। पंजाब किंग्स के खिलाफपिछले मैच में भी उन्होंने केवल 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में बल्लेबाजी की थी। ऐसे में चयनकर्ता उन्हें तभी टीम में शामिल करेंगे, जब वह पूरी तरह फिट होंगे।

दूसरी ओर, विराट कोहली ने आईपीएल में शानदार फॉर्म दिखाकर अपनी उपयोगिता फिर साबित की है। रोहित की तरह अब केवल एक प्रारूप खेलने वाले कोहली के अफगानिस्तान के खिलाफ तीनों वनडे मैचों में खेलने की पूरी संभावना है। सबसे अधिक महत्व एकमात्र टेस्ट मुकाबले को दिया जा रहा है, क्योंकि हाल के समय में भारतीय टीम पारंपरिक प्रारूप में, खासकर घरेलू परिस्थितियों में, संघर्ष करती नजर आई है। बल्लेबाजों की स्पिन-अनुकूल पिचों पर कमजोरियां लगातार सामने आई हैं।

पिछले वर्ष नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में यह समस्या खुलकर उजागर हुई थी। चेतेश्वर पुजारा के बाद टेस्ट टीम में नंबर तीन बल्लेबाजी क्रम अब तक स्थिर नहीं हो पाया है। साई सुदर्शन को अवसर मिले, लेकिन वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। अब उम्मीद जताई जा रही है कि देवदत्त पडिक्कल को घरेलू सत्र की शुरुआत से लगातार मौके दिए जाएंगे।


जम्मू-कश्मीर को ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने वाले आकिब नबी भी चयनकर्ताओं की चर्चा का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे सत्र में 60 विकेट हासिल किए थे। आईपीएल में अपनी तेज रफ्तार और सटीक गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले प्रिंस यादव को वनडे श्रृंखला में आजमाया जा सकता है।

बुमराह अगर टीम का हिस्सा नहीं होते हैं, तो मोहम्मद सिराज आक्रमण की अगुवाई करते नजर आ सकते हैं। प्रसिद्ध कृष्णा के भी टीम में शामिल होने की संभावना है। हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या भी पीठ में ऐंठन की समस्या से जूझ रहे हैं। आईपीएल के दौरान उनकी फिटनेस लगातार चिंता का कारण बनी रही है। ऐसे में वनडे श्रृंखला के लिए उनकी उपलब्धता पर अभी संशय बना हुआ है।

# बेटा हुआ ग्रैजुएट तो खुशी से फूले नहीं समा रहे फवाद खान, पाकिस्तानी सुपरस्टार से कम हैंडसम नहीं है लाडला...

डेस्क जगप्रेरणा।

***पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान हमेशा से ही अपनी निजी जिंदगी को चकाचौंध और मीडिया की नजरों से दूर रखने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने बीते कई सालों में अपने जीवन को बेहद प्राइवेट रखा है।***



वह सोशल मीडिया पर भी अपनी निजी तस्वीरें बहुत कम साझा करते हैं, जिसकी वजह से फैंस को फिल्मों से इतर उनकी दुनिया की झलक पाने का मौका न के बराबर ही मिलता है। यही कारण है कि हाल ही में सामने आई फवाद खान की एक तस्वीर इंटरनेट पर जबरदस्त तरीके से छाई हुई है, जिसमें उनके साथ पत्नी सदफ और बेटे अयान खान नजर आ रहे हैं। ये तस्वीप बड़े बेटे अयान खान की ग्रेजुएशन सेरेमनी की है। तस्वीर देखने के बाद लोगों का बस यही कहना है कि उनका बेटा उनकी तरह ही हैंडसम हंक है।

## सोशल मीडिया पर वायरल हुई दुर्लभ पारिवारिक तस्वीर..

अयान के ग्रेजुएशन समारोह की यह दुर्लभ तस्वीर देखते ही देखते इंस्टाग्राम और एक्स (पहले ट्विटर) जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से वायरल हो गई। इस खास और खुशनुमा पल को देखकर फवाद के प्रशंसक काफी भावुक प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। वायरल हो रही इस फोटो में फवाद अपनी पत्नी और बेटे के साथ बेहद गर्व और खुशी के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। क्लासिक सूट पहने इस मशहूर अभिनेता के चेहरे की खुशी साफ बयां कर रही है कि यह पल उनके लिए कितना अनमोल है। भारत में कुछ प्रतिबंधों के कारण वर्तमान में फवाद खान का आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट उपलब्ध नहीं है, इसलिए भारतीय फैंस इस खूबसूरत पल को देखने के लिए अंतरराष्ट्रीय फैन पेजों और मनोरंजन से जुड़े अकाउंट्स द्वारा रीपोस्ट की जा रही तस्वीरों पर निर्भर हैं।

## पहले भी बटोरी थीं सुर्खियां..

यह पहली बार नहीं है जब फवाद के बड़े बेटे अयान ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा हो। इससे पहले साल 2025 के अंत में, अयान अपनी मां और फिल्म की स्टार कास्ट के साथ फवाद खान की फिल्म 'नीलोफर' के प्रीमियर पर पहुंचे थे। उस दौरान भी इस इवेंट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं और प्रशंसकों ने इस बात पर खास गौर किया था कि यह स्टार किड कैमरों के सामने कितने आत्मविश्वास के साथ पोज दे रहा था। आपको बता दें कि फवाद खान और सदफ फवाद खान वर्ष 2005 में शादी के बंधन में बंधे थे। इस कपल की दो बेटियां भी हैं, जिनका नाम इलायना और बिया है। फवाद और सदफने शुरू से ही अपने बच्चों को मीडिया की अत्यधिक सुर्खियों और अटेंशन से दूर रखने का फैसला किया है।

## फवाद खान का बॉलीवुड सफर..

यदि बात फवाद खान के बॉलीवुड करियर की करें तो उन्होंने सोनम कपूर के अपोजिट फिल्म 'खूबसूरत' से हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। इसके बाद वह आलिया भट्ट और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ सुपरहिट फिल्म 'कपूर एंड संस' और रणबीर कपूर व अनुष्का शर्मा के साथ 'ऐ दिल है मुश्किल' जैसी बड़ी फिल्मों में अहम किरदारों में नजर आए, जहां भारतीय दर्शकों ने उन्हें भरपूर प्यार दिया। हाल ही में साल 2025 में फवाद खान अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ फिल्म 'अबीर गुलाल' में दिखाई दिए थे। हालांकि पहलगाम हमले के बाद दोनों देशों के बीच उपजे तनाव के चलते इस फिल्म को भारत में रिलीज नहीं किया जा सका और इसे केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ही दर्शकों के सामने पेश किया गया। यह फिल्म पिछले साल 29 अगस्त को वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में उतरी थी। फिल्म में फवाद खान और वाणी कपूर के अलावा ईशा गुप्ता, फरीदा जलाल, सोनी राजदान, परमीत सेठी और राहुल वोहरा जैसे अनुभवी कलाकारों ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं।

# मार-धाड़ और भारी एक्शन से भरी नेटफ्लिक्स की नई सीरीज, रोमांच से भरा है एक-एक सीन, मिर्जापुर से कहीं कम नहीं...

डेस्क जगप्रेरणा।



ओटीटी पर क्राइम-थ्रिलर का भंडार है। अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर ढेरों फिल्में और सीरीज हैं, जिनमें सस्पेंस और रोमांच की कोई कमी नहीं है। 'दिल्ली क्राइम' से लेकर 'पाताल लोक' और 'मिर्जापुर' तक ऐसी कई क्राइम-थ्रिलर हैं, जिन्हें दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। तो अगर आप भी कोई बढ़िया सी क्राइम-थ्रिलर देखने की प्लानिंग कर रहे हैं और कुछ नए की तलाश में हैं तो आपको एक नई सीरीज के बारे में बताते हैं, जो हाल ही में ओटीटी पर आई है। ओटीटी पर हाल ही में इस नई वेब सीरीज ने दस्तक दी है, जो आते ही टॉप ट्रेंडिंग में भी शामिल हो गई है। ये सीरीज है 'ग्लोरी', जो दो हफ्तों से ओटीटी पर राज कर रही है और खूब पसंद की जा रही है।

## ओटीटी पर आई नई थ्रिलर सीरीज..

ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर हाल ही में नई क्राइम-थ्रिलर 'ग्लोरी' रिलीज की गई है, जिसमें पुलकित सम्राट और 'मिर्जापुर' के मुन्ना भैया यानी दिव्येंदु शर्मा लीड रोल में हैं। ये सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई थी और 2 हफ्ते से लगातार टॉप ट्रेंडिंग में बनी हुई है। खास बात तो ये है कि इस सीरीज ने ओटीटी पर लंबे समय से राज कर रही कोरियन हॉरर थ्रिलर 'इफ विशेज कुड किल' को भी पीछे छोड़ दिया है। सीरीज की कहानी इतनी जबरदस्त है कि शुरू से लेकर आखिरी तक स्क्रीन से हटने नहीं देती है और क्लाइमैक्स इतना खतरनाक है कि देखकर दर्शक दंग रह गए।

## क्या है ग्लोरी की कहानी?

'ग्लोरी' की कहानी की बात करें तो सीरीज दो भाईयों देव (दिव्येंदु शर्मा) और रवि (पुलकित सम्राट) के इर्द-गिर्द घूमती है, दोनों की एक बहन है, जिसका नाम गुड़िया (जन्नत जुबैर) है। गुड़िया हरियाणा के एक बॉक्सिंग कोच की बेटी है, जो अपने पिता के स्टूडेंट निहाल से प्यार करती है। इसी बीच निहाल को पता चलता है कि, गुड़िया प्रेग्नेंट है और दोनों शादी करना चाहते हैं, तभी निहाल का कत्ल हो जाता है और गुड़िया पर भी जानलेवा हमला होता है। इसके बाद देव और रवि अपनी बहन गुड़िया (जन्नत जुबैर) पर जानलेवा हमले और उसके बॉयफ्रेंड बॉक्सर निहाल सिंह के मर्डर के पीछे का सच पता करने के लिए अपने घर लौटते हैं। कातिल कौन है, कैसे मिलेगा और दोनों भाई अपना घर छोड़कर क्यों गए थे, पूरे सीरीज की कहानी 7 एपिसोड में समेटी गई है।

1 मई को रिलीज हुई सीरीज में दिव्येंदु शर्मा, पुलकित सम्राट, आशुतोष राणा, जन्नत जुबैर, सिकंदर खेर, सुविंदर विक्की, सयानी गुप्ता और कुणाल ठाकुर जैसे कलाकार अहम भूमिका में हैं। ये सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है, जिसमें मार-धाड़ और एक्शन की कोई कमी नहीं है। खास बात तो ये है कि इसने आते ही नेटफ्लिक्स पर टॉप ट्रेंडिंग में अपनी जगह बना ली है और वो भी नंबर 3 पर।

# भरतीय अंडर-18 हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 6-3 से हराकर बराबर की श्रृंखला..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम ने उधव दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) केंद्र में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया को 6-3 से हराकर चार मैचों की श्रृंखला में शानदार वापसी की।***

इस जीत के साथ भारतीय टीम ने श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली है। भारत ने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था, लेकिन रविवार को दूसरे मैच में 1-3 से हार गया था। भारत ने पहले हाफमें ही शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। आकाश दीप ने 10वें मिनट में पहला गोल किया, जिसके तुरंत बाद शाहरुख अली ने 14वें मिनट में दूसरा गोल दागा।



भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में दबाव बढ़ा दिया और केतन कुशवाहा (25वें मिनट) और रोमित पाल (26वें मिनट) ने लगातार गोल दागकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

कुशवाहा ने तीसरे क्वार्टर में अपना दूसरा गोल (40वें मिनट) किया, जिसके बाद अंश बहूत्रा (45वें मिनट) ने भारत की स्कोरिंग जारी रखी। ऑस्ट्रेलिया ने ओवेन टेलर (23वें मिनट), ऑस्कर फ्रीमैन (29वें मिनट) और जैक वेलर (32वें मिनट) के गोलों से वापसी की कोशिश की, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति अंतिम क्वार्टर में मजबूत रही और मेहमान टीम को कोई और गोल करने से रोकते हुए बड़ी जीत हासिल की। श्रृंखला का चौथा और अंतिम मैच बुधवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# देश को शोध एवं विकास पर निवेश बढ़ाकर जीडीपी का दो प्रतिशत करना चाहिए: रिपोर्ट..




नई दिल्ली, (भाषा)।

***नीति आयोग ने सोमवार को कहा कि देश में अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) परिवेश को मजबूत करने के लिए भारत को अगले चार से पांच वर्षों में इस क्षेत्र में अपने निवेश को मौजूदा के 0.64 प्रतिशत***

से बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का कम से कम दो प्रतिशत करना चाहिए। आयोग ने 'ईज ऑफडूइंग रिसर्च एंड डेवलपमेंट इन इंडिया - रिमूविंग ऑब्स्टेकल्स, प्रमोटिंग एनेबलर्स' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा कि सरकार को आरएंडडी से जुड़ी खरीद पर पांच प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) स्लैब बहाल करने पर विचार करना चाहिए।

रिपोर्ट में कहा गया, ÷भारत के आरएंडडी परिवेश को मजबूत करने के लिए अनुसंधान एवं विकास में राष्ट्रीय निवेश को मौजूदा के 0.64 प्रतिशत से बढ़ाकर अगले चार से पांच साल में कम-से-कम जीडीपी के दो प्रतिशत तक ले जाने की तत्काल जरूरत है।÷

नीति आयोग ने यह भी सुझाव दिया कि इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए भारत को समयबद्ध और चरणबद्ध प्रोत्साहन देने की जरूरत है।

नीति आयोग के अनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 के तहत अनुसूची-3 (बही-खाता एवं लाभ-हानि विवरण) में आरएंडडी व्यय के लिए अलग मद शामिल करने से निजी क्षेत्र के निवेश का बेहतर आकलन हो सकेगा और कंपनियां अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश के प्रति प्रोत्साहित होंगी।

रिपोर्ट में कहा गया कि आरएंडडी के लिए अधिक धन उपलब्ध कराने की आवश्यकता को देखते हुए अनुसंधान एवं विकास के लिए परमार्थ समर्थन आकर्षित करने के उद्देश्य से अधिक साहसिक और दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। इसमें कहा गया, ''इसके लिए कंपनी अधिनियम के तहत कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) प्रावधानों को मजबूत करने और उनका प्रभावी उपयोग करने के साथ-साथ आयकर अधिनियम, 2025 की धारा 133 के तहत आरएंडडी सहायता कोष में व्यक्तिगत योगदान पर अधिक कटौती (कम से कम 125 प्रतिशत) की सुविधा देने की आवश्यकता है।''

रिपोर्ट में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के भीतर एक अंतर-विभागीय समिति गठित करने की भी सिफारिश की गई है, जो नियमित अंतराल पर बैठक कर विभिन्न विभागों एवं वित्तपोषण एजेंसियों की योजनाओं और पहल में समन्वय सुनिश्चित करे तथा योजनाओं की पुनरावृत्ति को कम करे।

नीति आयोग ने कहा कि हालांकि कुल आवंटन राशि में वृद्धि हुई है, लेकिन जीडीपी के अनुपात में निवेश का स्तर अभी भी कम है। साथ ही, वित्तपोषण व्यवस्था मुख्य रूप से सरकारी स्रोतों पर निर्भर बनी हुई है, जबकि निजी क्षेत्र और परमार्थ संस्थानों की भागीदारी सीमित है। रिपोर्ट कहती है कि धन आवंटन, वितरण और उपयोग की प्रक्रिया में अक्षमताओं के कारण स्थिति और जटिल हो जाती है। शोधकर्ताओं को विभिन्न वित्तपोषण पोर्टल पर जटिल और दोहराव वाली आवेदन प्रक्रियाओं, प्रस्तावों के मूल्यांकन और धन जारी होने में लंबी देरी तथा परियोजना क्रियान्वयन के दौरान लचीलेपन की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट में मानव संसाधन संबंधी चुनौतियों को भी गंभीर बताया गया है। इसमें कहा गया कि भारत में युवा प्रतिभाओं की बड़ी संख्या होने के बावजूद शोधकर्ताओं का घनत्व कम है और व्यवस्था उच्च गुणवत्ता वाली प्रतिभाओं को आकर्षित करने तथा बनाए रखने में संघर्ष कर रही है।

# अदाणी समूह ने अमेरिकी एजेंसी के साथ मामला निपटाया, 27.5 करोड़ डॉलर का किया भुगतान..




नई दिल्ली/ न्यूयॉर्क, (भाषा)।

***अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. ने सोमवार को अमेरिकी वित्त विभाग के 'विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय' (ओएफएसी) को 27.5 करोड़ डॉलर का भुगतान कर ईरानी प्रतिबंधों के कथित उल्लंघन के मामले का निपटारा कर लिया।***

यह मामला गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह के जरिये ईरान से जुड़े तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के आयात से संबंधित है।

कंपनी ने कहा कि उसने मामले की जांच में 'विस्तृत सहयोग' दिया और निष्कर्षों का 'स्वेच्छा से खुलासा' भी किया।

अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाली अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के स्पष्ट उल्लंघन से जुड़ी संभावित सिविल देनदारी के निपटारे के लिए 27.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई है।

हालांकि, कंपनी ने कहा कि यह समझौता किसी प्रकार की दोषसिद्धि या गलत काम की पुष्टि नहीं करता और इससे संबंधित सभी देनदारियों का निपटारा कर देता है।

कंपनी ने नवंबर, 2023 से जून, 2025 के बीच दुबई-आधारित एक कारोबारी से एलपीजी की खरीद की थी। उस कारोबारी ने खुद को ओमान और इराक से आपूर्ति करने वाला मध्यस्थ बताया था, लेकिन जांच में सामने आया कि गैस की वास्तविक आपूर्ति ईरान से जुड़ी थी।

ओएफएसी के निपटान आदेश के मुताबिक, ''एईएल के एलपीजी आयात से जुड़े किसी भी पक्ष पर उस समय प्रतिबंध नहीं लगे थे, और कंपनी को उपलब्ध कराए गए किसी भी दस्तावेज में एलपीजी का ईरानी उद्यम होने का स्पष्ट रूप से संकेत करने वाली कोई जानकारी नहीं थी।''

हालांकि, ओएफएसी ने कहा कि एईएल और अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड की प्रतिबंध अनुपालन व्यवस्था में ऐसे जोखिमों को पूरी तरह से संबोधित करने वाले अतिरिक्त उपायों की कमी थी।

जून, 2025 में प्रतिबंध उल्लंघन के आरोपों से जुड़ी सार्वजनिक रिपोर्ट आने के बाद कंपनी ने सभी एलपीजी आयात तत्काल रोक दिए और जांच शुरू की। बाद में अमेरिका स्थित कानूनी सलाहकारों की मदद से कंपनी की विस्तृत जांच की गई।


ओएफएसी के आदेश के मुताबिक, अदाणी एंटरप्राइजेज ने जांच में पूरा सहयोग किया, बड़ी मात्रा में दस्तावेज उपलब्ध कराए और एजेंसी के सभी सवालों का जवाब दिया। साथ ही कंपनी ने अपने पूरे समूह में प्रतिबंध अनुपालन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई सुधारात्मक कदम भी उठाए।

आदेश के मुताबिक, कंपनी ने सभी एलपीजी आयात रोक दिए, प्रतिबंध अनुपालन प्रक्रियाओं को मजबूत किया और अतिरिक्त आंतरिक नियंत्रण लागू किए।

ओएफएसी दिशानिर्देशों के तहत, समीक्षा के दायरे में आए लेनदेन के मूल्य के आधार पर अधिकतम वैधानिक जुर्माना लगभग 38.4 करोड़ डॉलर तक हो सकता था। लेकिन एजेंसी ने कंपनी द्वारा स्वैच्छिक रूप से जानकारी देने, सक्रिय सहयोग और अनुपालन सुधार के कदम उठाने का हवाला देते हुए अंतिम समझौता राशि घटाकर 27.5 करोड़ डॉलर कर दी।

यह अमेरिका में पिछले कुछ दिनों में अदाणी समूह के खिलाफबंद होने वाला दूसरा मामला है। पिछले सप्ताह अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी ने अमेरिकी बाजार नियामक प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) के उन आरोपों को निपटाने के लिए 1.8 करोड़ डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई थी, जिसमें कहा गया था कि उन्होंने समूह की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई के लिए पूंजी जुटाने के दौरान कथित रिश्वतखोरी योजना को छिपाकर निवेशकों से झूठ बोला था।

# रुपया 39 पैसे टूटकर 96.20 प्रति डॉलर के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर..



मुंबई, (भाषा)।

***रुपया सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 58 पैसे टूटने के बाद कारोबार के अंत में 39 पैसे की गिरावट के साथ अब तक के सबसे निचले स्तर 96.20 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।***

कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, जारी भू-राजनीतिक तनाव और मजबूत डॉलर के कारण रुपये पर दबाव रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव से वैश्विक बाजार धारणा प्रभावित बनी हुई है। इसके अलावा भारत सहित उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का दबाव बना हुआ है, क्योंकि ऊंची दरों के कारण डॉलर की बाजार से निकासी बढ़ जाता है। कारोबारियों ने बताया कि एफआईआई के कारण पहले से ही धन निकासी हो रही है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.19 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह और 58 पैसे टूटकर 96.39 प्रति डॉलर तक नीचे चला गया। अंत में रुपया 96.20 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 39 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को कारोबार के दौरान पहली बार 96 प्रति डॉलर के स्तर से नीचे फिसल गया था और 95.81 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, 'मजबूत डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी के कारण रुपये में कमजोर रुख बना रह सकता है। जारी वैश्विक तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी भी रुपये पर दबाव डाल सकती है।'

उन्होंने कहा, ÷हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप और सोने-चांदी के आयात पर लगाए गए कुछ अंकुश निचले स्तर पर रुपये को समर्थन दे सकते हैं। डॉलर के मुकाबले रुपया का हाजिर भाव 96 से 96.60 के दायरे में रह सकता है।÷

दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत गिरकर 99.14 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.65 प्रतिशत बढ़कर 109.97 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने सोमवार को 2,813.69 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार आठ मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.98 अरब डॉलर हो गया। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 7.79 अरब डॉलर घटकर 690.69 अरब डॉलर रह गया था।

# क्रेडिट कार्ड से लेनदेन चार साल में 2.6 गुना बढ़ा : आरबीआई रिपोर्ट..



मुंबई, (भाषा)।

***देश में कैलेंडर वर्ष 2021 से 2025 के बीच क्रेडिट कार्ड लेनदेन में 2.6 गुना से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को यह जानकारी दी।***

आरबीआई के अनुसार, इस अवधि के दौरान निजी क्षेत्र के बैंकों ने अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाते हुए इस खंड में अपना दबदबा और मजबूत किया है।

आरबीआई की 'भुगतान प्रणाली रिपोर्ट, दिसंबर 2025' के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2021 में क्रेडिट कार्ड लेनदेन की संख्या 216 करोड़ थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 570 करोड़ हो गई। इसी अवधि के दौरान लेनदेन का मूल्य भी 8.9 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 23.2 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो करीब 27 प्रतिशत की सालाना वृद्धि को दर्शाता है।

इसके विपरीत, डेबिट कार्ड लेनदेन में गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2021 में डेबिट कार्ड लेनदेन की संख्या 408.7 करोड़ थी, जो 2025 में घटकर 133.6 करोड़ रह गई। इस दौरान लेनदेन का मूल्य भी 7.4 लाख करोड़ रुपये से घटकर 4.5 लाख करोड़ रुपये पर आ गया।

आरबीआई ने इस गिरावट का कारण यूपीआई, डिजिटल वॉलेट और क्रेडिट कार्ड के बढ़ते उपयोग को बताया है, हालांकि डेबिट कार्ड अब भी सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले कार्ड बने हुए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, निजी क्षेत्र के बैंकों ने क्रेडिट कार्ड बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर दिसंबर, 2025 तक 71.1 प्रतिशत कर ली, जो दिसंबर, 2021 में 67.7 प्रतिशत थी। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी मामूली बढ़कर 23.9 प्रतिशत हो गई, जबकि विदेशी बैंकों की हिस्सेदारी घटकर 3.8 प्रतिशत रह गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, लघु वित्त बैंकों ने दिसंबर, 2025 तक 14 लाख क्रेडिट कार्ड जारी किए।

आरबीआई ने यह भी बताया कि देश में डिजिटल भुगतान प्रणाली तेजी से विस्तार कर रही है। 2016 से 2025 के बीच डिजिटल लेनदेन की संख्या 33 गुना बढ़ी, जबकि मूल्य लगभग तीन गुना हो गया। पिछले पांच वर्षों में ही डिजिटल भुगतान चार गुना से अधिक बढ़े हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि डिजिटल भुगतान के बढ़ते उपयोग के कारण डेबिट कार्ड का इस्तेमाल लगातार घट रहा है, जबकि यूपीआई, डिजिटल वॉलेट और क्रेडिट कार्ड का उपयोग बढ़ा है।

# एसबीआई कर्मचारी संघ ने कोलकाता में धरना दिया, 25-26 मई को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान





कोलकाता, (भाषा)।

***'ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफइंडिया स्टाफ फेडरेशन' ने सोमवार को यहां एक मुख्य प्रशासनिक कार्यालय के सामने धरना दिया। यूनियन ने 16-सूत्रीय मांगों के चार्टर को पूरा करने की मांग की।***

इनमें सब-स्टाफऔर सशस्त्र गार्डों की भर्ती, बीमा उत्पादों की 'गलत बिक्री' को रोकना और कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरना शामिल है। फेडरेशन ने भारतीय स्टेट बैंक में 25 और 26 मई को दो दिन की देशव्यापी हड़ताल का भी आह्वान किया है। सोमवार का यह आंदोलन फेडरेशन द्वारा पिछले एक सप्ताह में शुरू किए गए देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों की श्रृंखला का एक हिस्सा था। यूनियन नेताओं ने बताया कि इस धरने में 100 से अधिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। फेडरेशन की कोलकाता सर्किल इकाई के नेताओं ने सभा को संबोधित किया और मांगों के पीछे के 'औचित्य' को समझाया, साथ ही सदस्यों से आने वाले दिनों में एक बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहने को कहा। फेडरेशन द्वारा 25 और 26 मई के लिए जारी हड़ताल नोटिस के अनुसार, यूनियन से जुड़े 'वर्कमैन' श्रेणी के कर्मचारी औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों के तहत इस आंदोलन में हिस्सा लेंगे। फेडरेशन ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के मुद्दों को सुलझाने के लिए बने द्विपक्षीय तंत्र 'संतोषजनक ढंग से काम नहीं कर रहे हैं' और दावा किया कि समझौतों और करारों का 'गलत ढंग से क्रियान्वयन या बिल्कुल भी क्रियान्वयन नहीं' हुआ है। यूनियन ने अन्य बातों के अलावा यह भी आरोप लगाया कि लक्ष्यों और व्यावसायिक दबाव के कारण बीमा उत्पादों की 'बड़े पैमाने पर गलत बिक्री' हो रही है, जिसके चलते ग्राहकों को बिना उचित जानकारी दिए ही ऐसे उत्पाद बेच दिए जाते हैं जो उनके लिए उपयुक्त नहीं होते।आंदोलन कार्यक्रम के हिस्से के तौर पर, फेडरेशन पहले ही बैज लगाकर विरोध प्रदर्शन, दोपहर के भोजन के समय प्रदर्शन, सोशल मीडिया अभियान और सांसदों तथा सरकारी अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने जैसे कार्यक्रम आयोजित कर चुका है। अगले चरण में कैंडल मार्च और इस महीने के अंत में प्रस्तावित अखिल भारतीय बैंक हड़ताल शामिल होगी।

# वोडाफोन आइडिया की तीन साल में एक लाख करोड़ रुपये नकदी जुटाने की योजना



नई दिल्ली, (भाषा)।

***दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने अगले तीन साल में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जुटाने के लिए अपने नकदी प्रवाह को तिगुना करने, नए ऋण जुटाने, कर रिफंड और प्रवर्तकों***

से पूंजी निवेश पर भरोसा जताया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) तेजस मेहता ने तिमाही नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि वीआई वित्त वर्ष 2026-27 से 2028-29 के दौरान कर-पूर्व आय के रूप में 60,000 करोड़ रुपये की नकदी हासिल करने का लक्ष्य रखती है।

वीआई ने नेटवर्क सुधार और प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए 45,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। इसके अलावा, अगले तीन वर्षों में कंपनी को 49,000 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम भुगतान और 5,000-6,000 करोड़ रुपये का कर्ज सेवा भुगतान करना होगा। मेहता ने कहा कि कंपनी 25,000 करोड़ रुपये जुटाने की प्रक्रिया में है और साख पत्र सुविधा के जरिये 35,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, आकस्मिक देनदारी समायोजन प्रणाली (सीएलएएम) और आयकर रिफंड से करीब 10,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है।

ब्रिटेन स्थित वोडाफोन ग्रुप ने देनदारी पुनर्समायोजन समझौते के तहत वोडाफोन आइडिया को 5,836 करोड़ रुपये दिए हैं। संशोधित समझौते के मुताबिक, समूह अगले 12 महीनों में 2,307 करोड़ रुपये और जारी करेगा। सरकार ने भी कंपनी के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया को घटाकर 64,046 करोड़ रुपये कर दिया है, लेकिन स्पेक्ट्रम देनदारियां बरकरार हैं। मार्च, 2026 तक कंपनी पर स्पेक्ट्रम शुल्क के रूप में 1.27 लाख करोड़ रुपये और एजीआर के रूप में 25,254 करोड़ रुपये का बकाया था। दूरसंचार कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में करीब छह साल में पहली बार 51,970 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो मुख्य रूप से वैधानिक देनदारियों में राहत के कारण संभव हुआ। हालांकि, परिचालन स्तर पर कंपनी को तिमाही में 5,515 करोड़ रुपये और पूरे वित्त वर्ष में 24,059 करोड़ रुपये का घाटा हुआ।



जग प्रेरणा

देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# दहेज हत्या मामले में पूर्व न्यायाधीश के बेटे की अग्रिम जमानत याचिका खारिज..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 33 वर्षीय मॉडल और अभिनेत्री ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में सोमवार को उस समय नया मोड़ आ गया, जब यहां की एक स्थानीय अदालत ने उसके पति समर्थ सिंह की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।***

अदालत के फैसले के बाद, भोपाल पुलिस ने ट्विशा के समर्थ सिंह की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने पर 10,000 रुपये का नकद इनाम घोषित किया। सिंह पेशे से वकील है और फिलहाल फरार है। इससे पहले, अदालत ने पीड़िता ट्विशा की सास एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश गिरिबाला सिंह को अग्रिम जमानत दे दी थी। अदालत में सुनवाई के दौरान आरोपी पति समर्थ सिंह के वकील ने ट्विशा की मानसिक स्थिति पर सवाल उठाए, वहीं महिला के परिवार के वकील ने सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका जताते हुए जमानत का कड़ा विरोध किया।

दलीलें सुनने के बाद सत्र अदालत की न्यायाधीश पल्लवी द्विवेदी ने समर्थ की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत के फैसले के बाद ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा कि अग्रिम जमानत खारिज होना हमारी जीत नहीं है। उन्होंने कहा, 'दोनों को सजा हो तब हमारी जीत होगी।' नवनिधि शर्मा ने समर्थ सिंह और उनकी मां गिरिबाला सिंह को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग करते हुए कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो वे 'पैसे और ताकत' का इस्तेमाल कर उच्च न्यायालय से जमानत हासिल कर लेंगे। उल्लेखनीय है कि 2024 में एक डेटिंग ऐप के माध्यम से मुलाकात के बाद दिसंबर 2025 में समर्थ सिंह और ट्विशा ने शादी की थी। उत्तर प्रदेश के नोएडा की रहने वाली ट्विशा का 12 मई को भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में अपने पति के मकान में फंदे से लटका हुआ शव मिला था।

ट्विशा के परिवार का दावा है कि दहेज उत्पीड़न के कारण उसकी हत्या की गई है। हालांकि मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। एसआईटी का नेतृत्व कर रहे मिसरोद के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) रजनीश कश्यप ने कहा कि समर्थ सिंह का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। कश्यप ने कहा कि एम्स भोपाल से मिली प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदा लगाकर आत्महत्या करने के कारण मौत होने का संकेत मिला है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के दौरान, फंदे पर लटकने में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई रस्सी को एम्स नहीं भेजने में लापरवाही होने का पता चला है और इस मामले में जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कश्यप ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'जमानत याचिका में ट्विशा के नशे की लत होने के आरोपों का जिक्र किया गया है, लेकिन हम प्राथमिकी की धाराओं के अनुसार मामले की सख्ती से जांच कर रहे हैं।' गिरिबाला सिंह द्वारा जिला अदालत में अपने बेटे के लिए दायर जमानत याचिका में आरोप लगाया गया है कि ट्विशा नशीले पदार्थों की आदी थी और जब वह उनका सेवन नहीं कर पाती थी तो वह चिड़चिड़ी हो जाती थी और उसके हाथ पांव कांपने लगते थे। समर्थ सिंह की याचिका खारिज होने के बाद एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए गिरिबाला सिंह ने दावा किया कि ट्विशा को मानसिक समस्या थी और वह अवसाद में भी थी।

उन्होंने कहा कि ट्विशा की मौत उनके लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं है क्योंकि वह उनके परिवार का हिस्सा थी। उन्होंने कहा कि ट्विशा पांच साल में पांच बार दिल्ली गई



और वह जब भी लौटती थी तो उसके व्यवहार में बहुत परिवर्तन दिखता था। उन्होंने आरोप लगाया कि उसके परिजन ने बहुत कम उम्र में ही उसे ग्लैमर की दुनिया में धकेल दिया और संभवत इसलिए वह मानसिक दबाव में रहती थी। गिरिबाला सिंह ने दावा किया कि पिछले पांच महीने में ट्विशा के परिजन कभी भी उसकी सुध लेने नहीं आए और आज जब वह इस दुनिया में नहीं है तो वे उसका अंतिम संस्कार भी नहीं होने दे रहे।

उन्होंने कहा कि उन्हें जांच और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। ट्विशा का शव अभी भी भोपाल में स्थित एम्स के शवगृह में रखा है। उसके परिवार वाले दिल्ली के एम्स में फिर से पोस्टमार्टम किए जाने की मांग कर रहे हैं। समर्थ के लिए दायर अग्रिम जमानत याचिका में यह दावा भी किया गया है कि गर्भवती होने के बाद उसके ससुराल वालों के प्रति उसका व्यवहार बदल गया। इसमें यह भी कहा गया कि घटना के दिन उसका पति उसे ब्यूटी पार्लर ले गया था।

याचिका में ट्विशा के गर्भपात का भी दावा किया गया है। समर्थ सिंह की अग्रिम जमानत के लिए दायर इस याचिका की प्रति सोशल मीडिया वायरल हो गई है। सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने जमानत याचिका में दहेज उत्पीड़न के आरोपों से इनकार करते हुए दावा किया कि ट्विशा को उसकी जरूरतों के लिए नियमित रूप से ऑनलाइन पैसे दिए जाते थे।

याचिका में कथित तौर पर सहायक दस्तावेजों के रूप में 5,000 रुपये से 50,000 रुपये तक के लेनदेन की रसीदें भी शामिल की गई हैं। हालांकि, ट्विशा के परिवार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि वह एक हंसमुख और चंचल लड़की थी, जो शादी के बाद काफी बदल गई थी। ट्विशा की चचेरी बहन मीनाक्षी ने विभिन्न समाचार चैनलों से बातचीत के दौरान दावा किया कि ससुराल वालों की प्रताड़ना और मानसिक यातना के कारण उसका वजन 15 किलोग्राम कम हो गया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह उत्पीड़न तब चरम पर पहुंच गया जब ट्विशा की नौकरी चली गई और गर्भवती हो गई। उन्होंने कहा कि उसके पति ने बच्चे को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। इस बीच अधिकारियों ने बताया कि एसआईटी ट्विशा की मौत के बाद दहेज उत्पीड़न, शारीरिक हमले और सबूत नष्ट करने के कथित प्रयासों से संबंधित आरोपों की जांच करेगी। रविवार को पीड़ित ट्विशा शर्मा के परिवार ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के आवास के बाहर प्रदर्शन किया और दिल्ली में स्थित एम्स में दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग की।

## 4 साल की बच्ची को रोता देख सौतेली मां को आया गुस्सा

# गला दबाकर मार डाला, बाद में किया चौंकाने वाला खुलासा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है। थाना वेव सिटी पुलिस ने अपनी ही 4 साल की सौतेली बेटी की गला दबाकर हत्या करने वाली***



आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला की पहचान 21 वर्षीय ज्योति के रूप में हुई है। वह अलीगढ़ की रहने वाली है।

### जब पुलिस ने शुरू की मामले की जांच..

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अलीगढ़ निवासी अमित कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी महिला ज्योति ने उनके छोटे भाई नीतेश की पहली पत्नी से पैदा हुई 4 साल की बेटी वंशिका की गला दबाकर हत्या कर दी है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता **(BNS)** की धारा 103(1) के तहत हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

### महिला ने किया चौंकाने वाला खुलास..

गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपी महिला ज्योति ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बेहद चौंकाने वाले खुलासा किया है। उसने बताया कि मृतका वंशिका उसके पति की पहली पत्नी की बेटी थी, जो उसे बिल्कुल पसंद नहीं थी। ज्योति की खुद की भी एक 2 महीने की नवजात बच्ची है।

### जब मासूम खाना खा रही थी, तब दबाया गला..

उसने पुलिस को बताया कि वंशिका अक्सर रोती रहती थी और उसे परेशान करती थी, जिससे वह चिढ़ती थी। घटना के दिन भी जब वंशिका खाना खा रही थी, तो उसने रो-रोकर ज्योति को परेशान कर दिया। इसके बाद गुस्से में आकर ज्योति ने अपने ही हाथों से मासूम का गला घोंट दिया।

### पुलिस ने आरोपी महिला को किया गिरफ्तार..

हत्या की इस खौफनाक वारदात के बाद पुलिस टीमों का गठन किया गया था। थाना वेव सिटी पुलिस ने एक सटीक मैन्युअल इनपुट के आधार पर चेकिंग के दौरान आरोपी महिला को गैस गोदाम नायफल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस आरोपी के खिलाफआगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। उसके अन्य आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

# बिहार के खगड़िया में सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत, चार लोग घायल..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***बिहार के खगड़िया जिले के मानसी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर सोमवार को तेज रफ्तार ट्रक और ऑटो-रिक्शा के बीच टक्कर के बाद एक महिला और एक बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए।***



अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दुर्घटना में मरने वालों में सहरसा जिले के धनौज गांव की निवासी सोनी देवी (25), उनके पति कुंदन कुमार (30), डेढ़ वर्षीय पुत्र सूर्यांश, खगड़िया जिले के चौथम प्रखंड के अदाबाड़ी की निवासी सावित्री देवी (50), मानसी प्रखंड के चैधा बन्नी के निवासी रामू पासवान (40) तथा पसराहा थाना क्षेत्र के झंझरा गांव की निवासी स्वाति कुमारी (14) भी शामिल है।

सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मुकुल कुमार रंजन ने संवाददाताओं को बताया, 'राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर एक तेज रफ्तार ट्रक और ऑटो-रिक्शा के बीच टक्कर के बाद एक महिला और एक बच्चे समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य लोग घायल हो गए। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। सभी घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।' उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना सोमवार दोपहर करीब दो बजे हुई। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑटो-रिक्शा में सवार लोग किसी काम से जा रहे थे, तभी मानसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-31 पर ठठा गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी।

इस बीच, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सड़क हादसे में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है, 'खगड़िया में सोमवार को हुए सड़क हादसे में लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिजन को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।' बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है।

## अमेरिका का बड़ा नुकसानः

# हवा में टकरा गए दो आधुनिक लड़ाकू विमान, बन गए आग का गोला..



डेस्क जगप्रेरणा।

***अमेरिकी नौसेना को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है, उसके दो आधुनिक F-18 लड़ाकू विमान तबाह हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, अमेरिकी नेवी के 2 फाइटर जेट्स एक एयर शो के दौरान हादसे के शिकार हो गए। आपको बता दें F-18 लड़ाकू विमान को काफी आधुनिक माना जाता है***

और अमेरिकी नौसेना बड़ी संख्या में इस विमान का इस्तेमाल करती है। ऐसे में इन दो विमानों का क्रैश होना एक बड़ी घटना मानी जा रही है। इससे पहले ईरान के खिलाफऑपरेशन में भी बड़ी संख्या में अमेरिका के लड़ाकू विमान और अन्य विमान तबाह हुए थे।

### कैसे हुआ हादसा?

सामने आई जानकारी के मुताबिक, ये हादसा अमेरिका के इडाहो स्टेट में एयर शो के दौरान हुआ है। हादसा उस वक्त हुआ जब एयर शो के दौरान दोनों F-18 फाइटर जेट्स बिल्कुल करीब आ गए। पहले तो लगा कि ये करतब दिखा रहे हैं लेकिन फिर अचानक टक्कर की वजह से उनके पुर्जे गिरने लगे। तभी दोनों फाइटर जेट के पायलट और क्रू को इजेक्ट होते हुए देखा गया। उसके फौरन बाद दोनों जेट्स तेजी से नीचे गिरे। विमानों के नीचे गिरते ही एक जोरदार धमाका हुआ और आग का बड़ा गोला उठने लगा।

### क्रू के 4 लोग सुरक्षित..

दोनों लड़ाकू विमानों के क्रैश होने और धमाके के ठीक पर ऊपर पैराशूट से नीचे उरतते हुए क्रू को देखा गया। गनीमत रही कि क्रू हादसे वाली जगह से थोड़ी दूर उतरा और किसी की भी जान नहीं गई। जानकारी के अनुसार, विमान में सवार सभी चारों लोग सही सलामत बताए जा रहे हैं।

### अधिकारियों ने क्या बताया?

इस बड़े हादसे को लेकर स्पैसिफिक फ्लीट की नेवल एयर फोर्सेस की प्रवक्ता कमांडर अमेलिया उमायाम ने बताया कि जिस समय यह हादसा हुआ उस वक्त ये विमान हवाई प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दोनों जेट्स के चारों क्रू मेंबर्स सुरक्षित रूप से बाहर निकल आए और इस हादसे की जांच की जा रही है। बेस के अधिकारियों ने बताया है कि दोनों विमान को क्रू मेंबर्स की हालत स्थिर है।

# ओडिशा के व्यक्ति की रूस में यूक्रेनी ड्रोन हमले में मौत, दो अन्य घायल..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ओडिशा के गंजाम जिले के एक व्यक्ति की मॉस्को क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा किये गए ड्रोन हमले में मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान ए. रामेया (30) के रूप में हुई है,***



जो चिकिटी प्रखंड के माधबंधा गांव का निवासी था। वह छुट्टी पर कुछ समय गांव में बिताने के बाद लगभग दो महीने पहले रूस लौटा था। वह गजाप्रोम तेल रिफाइनरी की एक निर्माण कंपनी में स्ट्रक्चर फिटर के रूप में एक वर्ष से अधिक समय से कार्यरत था। अधिकारी ने बताया कि उसके शव को वापस लाने के प्रयास किये जा रहे हैं। ड्रोन हमले में घायल व्यक्तियों की पहचान गंजाम जिले के रंगेलुंडा प्रखंड स्थित कोथरसिंह गांव के निवासी जी तेजेश्वर रेड्डी (22) और जी खेतराबासी रेड्डी (35) के रूप में हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना रविवार को हुई जब यूक्रेन ने मॉस्को पर ड्रोन हमला किया। चंद्रेया रेड्डी, जो मॉस्को में रामेया के साथ काम करते हैं, ने फोन पर अपने परिवार को बताया कि वे तीनों अपनी रात्रिकालीन ड्यूटी पूरी करने के बाद बस का इंतजार कर रहे थे, तभी ड्रोन हमला हुआ। गंजाम में रेड्डी के परिवार के एक सदस्य ने उनके हवाले से कहा, 'स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 5 बजे घटना की सूचना मिलते ही हमने घटनास्थल पर जाने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने हमें जाने नहीं दिया। घायल व्यक्तियों का मॉस्को के विभिन्न अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है।'

रामेया के एक मित्र ने परिवार को उसकी मृत्यु की सूचना दी। इसके बाद, परिवार ने शव को लाने में सहायता के लिए गंजाम जिला कलेक्टर कीर्ति वासन वी से संपर्क किया। कलेक्टर ने संवाददाताओं से कहा, 'हमें मॉस्को में रामेया की मृत्यु की सूचना मिली है। हमने दिल्ली स्थित स्थानिक आयुक्त के कार्यालय से संपर्क किया है। वह प्रोटोकॉल के अनुसार राजनयिक माध्यम से भारतीय दूतावास से संपर्क कर रहे हैं ताकि उनके पार्थिव शरीर को ओडिशा लाया जा सके।'

अधिकारी ने कहा कि शव को यथाशीघ्र लाने का प्रयास किया जा रहा है। नयी दिल्ली स्थित रूसी दूतावास ने सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, 'रूसी दूतावास भारतीय श्रमिक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता है।'

# पौड़ी में पड़ोसी को जलाकर मारने का प्रयास करने वाले व्यक्ति का शव बरामद..

**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**

उत्तराखंड के पौड़ी जिले के थलीसैंण क्षेत्र में अपने पड़ोसी को कथित तौर पर पेट्रोल छिड़ककर जलाकर मारने का प्रयास करने वाले व्यक्ति का सोमवार को शव बरामद हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान आनंद सिंह के रूप में हुई है जो शनिवार शाम करीब सात बजे रौली गांव में अपने पड़ोसी वीरेंद्र सिंह पर पेट्रोल डालकर आग लगाने के बाद फरार हो गया था।




घटना में 45 प्रतिशत तक झुलसे वीरेंद्र सिंह का पौड़ी जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। घटना के दौरान आरोपी आनंद सिंह के कपड़ों में भी आग लग गई और उसके बाएं हाथ और पैर में चोट आई।

घटना के बाद, वीरेंद्र की पत्नी शांति देवी ने थलीसैंण थाने में आनंद सिंह के खिलाफशिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू की गई। फरार आरोपी को ढूंढने और गिरफ्तार करने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान सोमवार सुबह नौ बजे रौली गांव की सरहद पर झाड़ियों में आनंद सिंह का शव मिला। पुलिस को घटनास्थल से फिनाइल की खाली बोतल तथा कीटनाशक की 100 मिलीलीटर की एक सीलबंद बोतल भी बरामद हुई।

# कुरुक्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से डेढ़ साल के बच्चे की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के रतगल गांव में सोमवार को डेढ़ साल के एक बच्चे की ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ, जब बच्चा अन्य बच्चों के साथ अपने घर के बाहर खेल रहा था।***



उसने बताया कि मृतक बच्चे की पहचान प्रशांत के रूप में हुई है, जिसका परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। परिजन के मुताबिक, गांव के पूर्व सरपंच के मकान के पास मिट्टी भरने का काम चल रहा था, जिसके कारण इलाके में ट्रैक्टर-ट्रॉली लगातार आ-जा रही थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन के अनुसार, प्रशांत को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक फरार हो गया। परिजन ने आरोप लगाया कि मिट्टी भरने के काम में शामिल लोग बाद में उनके घर में घुस आए और घटना पर आपत्ति जताने पर परिवार के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार किया। परिवार ने आरोपी पक्ष पर धमकाने और मारपीट करने का भी आरोप लगाया।

सेक्टर-7 पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और जांच के तहत इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

मराठा स्पोर्ट्स
9284744867
9112026507
7006748047
T-shirt
Lower
Short
Shoes etc.
All Sports Items Available
नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुलन मरारटोली, गोंदिया





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
लक्ष्मीनारायण दुबे तिरोड़ा
मो. 9404304226

# ट्यूशन जाते समय काल ने छीना जीवन, गांधीटोला की छात्रा की पेट्रोल टैंकर की टक्कर से दर्दनाक मौत

## सालेकसा-तिरखेड़ी-साकरिटोला मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर फिर उठे सवाल..

**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***सालेकसा तहसील के गांधीटोला में आज सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक मासूम छात्रा की दर्दनाक मौत हो जाने से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।***

कु. मोनाली (मोहिनी) संतोष मेंढे नामक छात्रा आज सुबह अपनी सहेली के साथ ट्यूशन के लिए साखरीटोला जा रही थी, तभी पेट्रोल टैंकर की टक्कर से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना आज (ता. 18) सुबह लगभग 6.45 बजे सालेकसा-तिरखेड़ी-साखरीटोला मार्ग पर गांधीटोला में घटी।

प्रतिदिन की तरह शिक्षा के लिए घर से निकली मोनाली की असमय मौत से गांव में शोक व्यक्त किया जा रहा है। शिक्षा के सपने संजोकर ट्यूशन के लिए निकली इस छात्रा की मौत से मेंढे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हादसे की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के नागरिक घटनास्थल पर पहुंच गए। कई लोगों की आंखें नम थीं तो वहीं प्रशासन के खिलाफ नाराजगी भी देखने को मिली।



विशेष बात यह है कि आमगांव-सालेकसा मार्ग पर स्थित वाघ नदी का पुल जर्जर होने के कारण प्रशासन ने कुछ दिन पहले भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया था। इसके बाद कई लोडेड ट्रक और पेट्रोल टैंकर चालकों ने सालेकसा-गिरोला-तिरखेड़ी-गांधीटोला-सातगांव-साकरिटोला इस वैकल्पिक मार्ग का उपयोग शुरू कर दिया। यह सड़क मूलतः छोटे वाहनों के लिए बनाई गई थी, लेकिन लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क की हालत खराब हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार, इस मार्ग पर बढ़ती भारी वाहनों की लापरवाह आवाजाही के कारण दुर्घटनाओं का खतरा दिन-ब-दिन बढ़ रहा था। कई बार प्रशासन से शिकायत करने के बावजूद अनदेखी किए जाने का आरोप भी नागरिकों ने लगाया है। आज हुई इस दुर्घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है तथा इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही तत्काल बंद करने की मांग जोर पकड़ने लगी है।

इस पृष्ठभूमि में नागरिकों ने मांग की है कि आर.टी.ओ. विभाग तत्काल हस्तक्षेप कर भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाए, नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई करे तथा भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस उपाययोजना लागू करे।

# देवरी में सिंगल कॉलम फ्लाईओवर के लिए 20 मई को देवरी बंद और मोर्चे का आयोजन

## यह मोर्चा नगर पंचायत ऑफिस से शुरू होकर एस डी ओ ऑफिस तक जाएगा..

**जगप्रेरणा देवरी।**

***देवरी के नागरिक अब साकोली और लखनी शहरों की तरह शहर में नेशनल हाईवे पर एक बड़ा सिंगल कॉलम (पिलर) फ्लाईओवर बनाने की मांग***

को लेकर आक्रामक हो गए हैं। प्रशासन का ध्यान खींचने के लिए देवरी के निवासियों ने बुधवार (20 मई) को देवरी बंद और मार्च का आयोजन किया है।

इस बंद के दौरान शहर में शांतिपूर्ण मार्च निकाला जाएगा, जिसके ज़रिए प्रशासन को निर्माण की चेतावनी दी जाएगी। हाईवे अथॉरिटी द्वारा अभी प्रस्तावित या बनाए जा रहे पारंपरिक दीवार पुल से शहर के दो हिस्सों में बँटने की संभावना है। इसके चलते, नागरिकों को डर है कि लोकल बिज़नेस खत्म हो जाएँगे। देवरीवासियों की एकमत माँग है कि हमें दीवार नहीं, बल्कि खंभों वाला फ्लाइंग ब्रिज चाहिए। नागरिकों की माँग है कि जिस तरह साकोली और लाखनी मे अलग-अलग सिंगल कॉलम वाले पुल बनाए गये है

उसीतरह देवरी में भी आकर्षक और अलग-अलग सिंगल कॉलम वाले पुल बनाए जाएँ। यह फ्लाईओवर तहसील ऑफिस के सामने पूर्वी हिस्से में नाले से लेकर सीधे मोक्षधाम के पास पश्चिमी हिस्से में नाले तक बनाया जाए। नागरिकों का मानना है कि इससे शहर के अंदर ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी और भविष्य में होने वाले एक्सीडेंट रुकेंगे।

यह शांतिपूर्ण मोर्चा 20 मई को ठीक 9 बजे नगर पंचायत ऑफिस से शुरू होगा। यह मोर्चा मेन रोड से चलते हुए सब-डिविजनल ऑफिसर के ऑफिस पहुँचेगा। वहाँ, देवरी के निवासियों की माँगों का एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा जायेगा। इस आंदोलन के बैकग्राउंड में, एक बड़े पैमाने पर देवरी में अभी जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

## तु अकेली घर मे रहती है तुझे कभी भी मार डालूंगा दी धमकी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत गालीगलोच और धमकी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 16/5/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान ग्राम येरमडा फर्यादी सौ मोरेश्वरी मिताराम चौधरी उम्र 47 वर्ष निवासी येरमडा का भतीजा घर के बाजु मे ही रहता है। उसे शराब पिने के आदत होने से हमेशा गालीगलौच देता है फर्यादी ने उसकी शिकायत पुलिस स्टेशन मे की थी। जिसका मामला कोर्ट मे चल रहा है, घटना के समय फर्यादी अपने पिता के साथ घर पर थी उसी समय आरोपी ने शराब के नशे मे दरवाजे पर पत्थर फेका और कहा तुने मेरी शिकायत पुलिस मे की है, तु अकेली घर मे रहती है तुझे कभी भी मार डालूंगा धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 346/2026 धारा 296, 351, 2, 351, 3, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा परिहार 1429 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

## फोरविलर और टु विलर की भिडंत एक जख्मी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 16/5/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान खुर्शिपार मे टिंकु भवानीप्रसाद नागपुरे उम्र 43 वर्ष निवासी कोहका अपनी शाईन मोटरसाइकल क्रमांक एम एच 35 बी डी 8374 से मानेगांव जा रहा था। जाते समय खुशिपार फाटे के पास आमगांव की ओर से आ रही महिन्द्रा फोरविलर क्रमांक एम एच 12 एच वी 6601 के चालक ने अपना वाहन लापरवाहीसे चलाकर मोटरसायकल को ठोस मारी चालक गंभीर जख्मी होने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 345/2026 धारा 281,125, अ,125, ब, बिएनएस 2023 सहकलम 184 मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा गजपुरे 02 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

## बेहोश मिले अज्ञात व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 16/5/2026 के सुबह 10 बजे के दरम्यान अज्ञात युवक उम्र अंदाजन 55 वर्ष मरारटोली देशी दारू भट्टी के गिरा हुवा था। आजु बाजु के लोगो ने अम्बुलँस बुलाकर उसे उपचार के लिये केटीएस मे भर्ती कराया जहा उपचार के चलते उसकी मौत हो गई। डाक्टर के डेथ सर्टिफिकेट पर पोस्टे रामनगर मे अकस्मात मौत क्रमांक 08/2026 धारा 194 भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा छबीलाल रहांगडाले 1719 पोस्टे रामनगर कर रहे है।

## जहर पीने से तबीयत खराब हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 14/5/2026 के 7 बजे के दौरान राजेश तेजराम कोल्हे उम्र 47 वर्ष निवासी घुमर्रा ने अपने खेत मे जहर पिया तबीयत खराब होने से उसे उपचार के लिये केटिएस अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डाक्टर के लिखित मेमो और मर्ग के कागजपत्र पोस्टे गोरेगाव मे प्राप्त होने से पोस्टे गोरेगाव मे अकस्मात मौत क्रमांक 15/ 2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा तुमडाम 1234 पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

# आमगांव शहर विकास के लिये एक कदम..

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें।।
मो। 9329033433




**जगप्रेरणा आमगांव।**

***पुर्व रेल्वे कमेटी, बिलासपुर के सदस्य भोला गुप्ता, पत्रकार द्वारा जिलाधिकारी, गोंदिया के नाम से उप जिलाधिकारी विजयजी अवधाने को निवेदन का ब्यौरा***

दिया गया जिसमें बताया गया कि विगत अनेक वर्षो से इस आमगांव तालुका के आमगांव गोंदिया रोड के बिच स्थित ग्राम किडंगीपार में रेल्वे चौकी है। विगत समय से तिसरी लाईन निर्माण होने से ट्रेनो की आवाजाही में बढोतरी हो गई है जिसके फलस्वरूप अधिक समय तक चौकी यद रहने लगी। इस तालुका से अनेक नागरिको को, स्वास्थ्य की गंभीरता के लिए शिक्षा सबंध में उच्च शिक्षा के लिए, गोंदिया जिला होने से जिले में होने वाले अनेक शासकिय कार्यो के लिए, वैसे ही अनेक कार्य जो गोंदिया से एवम् आगे शहरों से जुड़े है उसके लिए, जल्द से जल्द इस पर पुलिया निर्माण कार्य शुरू करे कि परेशानी से मुक्ति मिल सके भोला गुप्ता द्वारा यह निवेदन की प्रतिलिपि उप विभागीय अधिकारी श्रीमती कविता गायकवाड़, तहसीलदार श्रीमती मोनिका कांबळे को भी दी गई।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



**चरवाहा**

यह मानव इतिहास के सबसे प्राचीन और महत्वपूर्ण व्यवसायों में से एक है, यह अपना जीवन व्यापन हेतु अधिकांश हरियाणा या राजस्थान क्षेत्र से पूरे देश में भेड़- बकरी का व्यवसाय कर अपना जीवन वव्यापण करते हैं।

छाया - गणेश भदाडे आमगांव

# स्वच्छता एवं अपशिष्ट पृथक्करण अभियान के साथ विश्व पर्यावरण जागरूकता दिवस पर यात्री जागरूकता अभियान




**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले गोंदिया रेलवे स्टेशन एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन पर विश्व पर्यावरण अभियान के अंतर्गत स्वच्छता एवं अपशिष्ट पृथक्करण (कचरा अलग-अलग करने) को लेकर विशेष***

जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत गोंदिया स्टेशन पर 'स्वच्छता एवं अपशिष्ट पृथक्करण' विषय पर विशेष स्वच्छता ड्राइव चलाया गया, जिसमें स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई की गई। साथ ही यात्रियों एवं रेलवे कर्मचारियों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छ एवं स्वस्थ रेलवे परिसर सुनिश्चित करना रहा।

इसी क्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन पर 'विश्व पर्यावरण अभियान' के अंतर्गत यात्री जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों को पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक के न्यूनतम उपयोग, जल एवं ऊर्जा संरक्षण तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान की विशेषता यह रही कि प्रतिदिन विभिन्न संबंधित विभागों द्वारा अलग-अलग जागरूकता एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें वाणिज्य विभाग, यांत्रिक विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा स्वच्छता ड्राइव, घोषणाओं, पोस्टर प्रदर्शन, संवाद एवं जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से यात्रियों को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। प्रत्येक दिन निर्धारित थीम के अनुसार आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के संदेश को प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से यात्रियों एवं कर्मचारियों में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और अधिक सुदृढ़ होती है तथा 'स्वच्छ रेलवे - स्वच्छ भारत' के संकल्प को बल मिलता है। रेलवे द्वारा इस प्रकार के बहुदिवसीय अभियान आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे रेलवे परिसर को स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके तथा यात्रियों में जागरूकता का स्तर और अधिक बढ़ाया जा सके।

# भीषण गर्मी में राहत की बूंदें: डोंगरगढ़ स्टेशन पर स्काउट- गाइड द्वारा शीतल पेयजल सेवा






**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत बी.पी. स्काउट ग्रुप एवं रानी लक्ष्मीबाई गाइड ग्रुप, डोंगरगढ़ द्वारा दिनांक 17/ 05/ 2026 एवं 18/05/2026 को डोंगरगढ़ रेलवे***

स्टेशन पर यात्रियों के लिए एक सराहनीय पेयजल सेवा का आयोजन किया गया। तेज धूप और बढ़ती गर्मी के बीच स्टेशन पर पहुंचने वाले एवं यहां से यात्रा करने वाले सैकड़ों यात्रियों को शीतल एवं स्वच्छ पेयजल वितरित कर राहत पहुंचाई गई। अचानक मिली इस सेवा से यात्रियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने स्काउट-गाइड के इस मानवीय प्रयास की खुलकर प्रशंसा की।

कार्यक्रम के दौरान स्काउट एवं गाइड सदस्यों ने पूरे अनुशासन, सेवा भावना और उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई, जिससे स्टेशन परिसर में सेवा और सहयोग का एक प्रेरणादायक वातावरण बना रहा।

इस अवसर पर नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री दिलीप सिंह एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती आर. छोरिया द्वारा इस पहल की सराहना की गई तथा इसे यात्रियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया गया। यह पहल न केवल यात्रियों को गर्मी से राहत देने में सफल रही, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा के संदेश को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे परिवार ने इस उत्कृष्ट प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों के निरंतर आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की है।

# निधन समाचार

**जगप्रेरणा देवरी।**

***प्रभाग क्रमांक 5, देवरी के निवासी और तेली समाज के वरिष्ठ नागरिक तानबाजी बापूजी निर्वाणका आज सोमवार,***



दिनांक 18 तारीख को दिल का दौरा पड़ने (हृदयघात) से निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे।

उनके परिवार में एक बेटा, एक बेटी और नाती-पोते (पोते-पोतियां) हैं। उनका अंतिम संस्कार कल मंगलवार को देवरी मोक्षधाम में किया जाएगा।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर




# विधान परिषद चुनावों का बजा बिगुल.. अबकी बार स्थानीय गोंदियावासी को मिले अवसर, हो रही मांग..





## भाजपा और कांग्रेस में दावेदारों ने शुरु की लॉबिंग..

## 25 मई से शुरु होगी नामांकन प्रक्रिया, 18 जून को होगा मतदान..

जगप्रेरणा गोंदिया।

महाराष्ट्र प्रदेश में 16 विधान परिषद सीटों के लिये आखिरकार चार साल के इंतजार के बाद चुनावों की घोषणा आज 18 मई को कर दी गई, तथा आज से एक माह में अर्थात 18 जून को गोंदिया भंडारा विधान परिषद क्षेत्र का मतदान संपन्न होगा, और 22 जून को मतगणना के साथ ही गोंदिया भंडारा के विकास हेतु गोंदिया भंडारा जिले को एक और नेतृत्व प्राप्त हो जायेगा।

### भाजपा और कांग्रेस के बीच होगा घमासान..

गौरतलब है कि गोंदिया भंडारा विधान परिषद में गत चुनाव में भाजपा के डॉ. परिणय फुके ने चुनाव जीता था, तथा उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पदेन विधायक राजेन्द्र जैन एवं कांग्रेस उम्मीदवार प्रफुल गोपालदास अग्रवाल को चुनाव हराकर यह सीट भाजपा की झोली में डाली थी। इसके पहले इस सीट पर अधिकांश कांग्रेस और राष्ट्रवादी उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी, लेकिन विधान परिषद का चुनाव जब डॉ. परिणय फुके ने लड़ा, तो उन्होंने सारे समीकरणों को ध्वस्त करते हुए भारी कश्मकश भरे चुनाव में विधायक राजेन्द्र जैन को चुनाव हराकर बाजी अपने नाम कर ली थी।

एक बार फिर अब 2026 में विधान परिषद के चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं, तथा अबकी बार चूंकि महायुति के रुप में भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एक साथ है, इसलिये इस बात की संभावनाएं अधिक है कि गोंदिया भंडारा विधान परिषद में महायुति से राष्ट्रवादी कांग्रेस और भाजपा का संयुक्त उम्मीदवार मैदान में हो, जबकि वहीं गोंदिया भंडारा संसदीय क्षेत्र की इस विधान परिषद में कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले और पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में यह चुनाव भी कांग्रेस अवश्य लड़ेगी, तथा इस स्थिति में कहा जा सकता है कि विधिवत चुनाव संपन्न हुए, और पूरी दमदारी से दोनों ही दलों ने आमने सामने से ताकत लगाई तो चुनाव की परिस्थितियां अलग हो सकती है।

### गोंदिया की मांग, गोंदिया के चेहरो को मिले विधान परिषद में मौका..

गौरतलब है कि गोंदिया भंडारा के संयुक्त नेतृत्व में चाहे बात पालकमंत्री की हो या फिर गोंदिया भंडारा विधान परिषद या संसदीय नेतृत्व की। 2014 के बाद से बीते 12 सालों से इन सभी पदों पर भंडारा के स्थानीय नेताओं का वर्चस्व रहा है, जिसके कारण गोंदिया जिले के नागरिक और मतदाता यह मानते हैं कि इन पदों पर भंडारा के नेताओं को मौका मिलने से गोंदिया की उपेक्षा हुई है, तथा गोंदिया के आवश्यक विकास को नजर अंदाज किया गया है। 2014 में नाना पटोले सांसद का चुनाव जीते, उनका भी राजनीतिक गढ़ भंडारा रहा है, इसके उपरांत मधुकर कुकडे सांसद बने, उनका गृह क्षेत्र तुमसर होने तथा तुमसर भंडारा जिले में होने से सर्वाधिक ध्यान भंडारा पर केन्द्रित रहा।

इसी प्रकार पूर्व सांसद सुनिल मेंढे और उसके बाद वर्तमान सांसद प्रशांत पडोले भी भंडारा के स्थानीय होने से गोंदिया उपेक्षित मानकर चलता है। इसी प्रकार राज्य सरकार में गोंदिया भंडारा जिले को मंत्री पद नहीं मिलना, और मंत्री पद जब पूर्व में विधायक राजकुमार बडोले को मिला भी था तो पालकमंत्री पद पर कभी स्थानीय को अवसर नहीं दिया गया, विधायक परिणय फुके ने हांलांकि भंडारा गोंदिया में यथोचित समय देने का कार्य किया, लेकिन फिर भी अब गोंदिया जिले के मतदाताओं की यह मांग है कि गोंदिया भंडारा विधान परिषद में कम से कम गोंदिया से स्थानीय नेतृत्व को अवसर दिया जाए, जिससे कि गोंदिया के विकास को नई शक्ति नई राह मिल सके।

### कौन कौन है दावेदार..

गौरतलब है कि गोंदिया भंडारा विधान परिषद में भाजपा राष्ट्रवादी और शिवसेना की महायुति एक साथ मिलकर लड़ेगी तो इस स्थिति में एक बार फिर पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन को सशक्त दावेदार माना जा रहा है, जबकि वहीं भाजपा से स्थानीय नेताओं में दिनेश दादरीवाल, सुमित भालोटिया के नाम भी चर्चा में है। इसी प्रकार कांग्रेस से भी प्रफुल गोपालदास अग्रवाल को सशक्त उम्मीदवार माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार चुनावी नामांकन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 01 जून 2026 है, लिहाजा 01 जून को नामांकन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक राजनीतिक दलों के बीच खींचतान के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी, ऐसा दिखाई दे रहा है।

### द्विवार्षिक चुनाव को लेकर असमंजस की स्थिति..

गौरतलब है कि गोंदिया भंडारा संहित 16 विधान परिषदों में जो चुनाव का ऐलान किया गया है, उसमें चुनावों को द्वि वार्षिक चुनाव घोषित किया गया है, जिसके कारण यह माना जा रहा है कि आगामी विधान परिषद का कार्यकाल दो साल का होगा, जबकि चुनाव जिस तरह से पिछले कार्यकाल के समाप्त होने के बाद चार साल बाद संपन्न कराया जा रहा है, तो इस स्थिति में विधान परिषद का कार्यकाल भी छह वर्ष का होना चाहिये, परंतु उसे द्वि वार्षिक किन कारणों से किया गया है। क्या अब विधान परिषद के चुनाव हर दो साल के लिये होंगे या फिर यह कार्यकाल विधान परिषद सदस्य का सिर्फ दो साल के लिये यह भी असमंजस की स्थिति बताई जा रही है। इस स्थिति में विधान परिषद चुनाव लड़ने के ईच्छुक क्या पूरे मन से चुनाव लड़ने की ईच्छा रखेंगे, यह प्रश्न भी खड़ा हो रहा है।

# 20 वर्षों से सिंचाई के लिए तरस रहे किसानों को राहत देने विधायक विनोद अग्रवाल ने किया अंभोरा में जीर्ण पत्थर के सुपर पैसेज की जगह नए निर्माण हेतु भूमिपूजन..

## गुदमा माइनर पर नए निर्माण से 90 एकड़ जमीन को मिलेगा भरपूर पानी, नए सुपर पैसेज के निर्माण से रुकेगा पानी का भारी अपव्यय, खेतों तक पहुँचेगा पर्याप्त पानी - बोले विधायक विनोद अग्रवाल




जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्वी क्षेत्र गाँव गुदमा में पिछले 20 वर्षों से गर्मी के मौसम में सिंचाई के जल के लिए तरस रहे किसानों को अब विधायक विनोद अग्रवाल के ततपरता से नई उम्मीद मिलने जा रही है। यहां गुदमा माइनर के माध्यम से किसानों को***

गर्मी की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था, जिससे खेती प्रभावित हो रही थी। किसानों की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए गुदमा माइनर पर नए निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक विनोद अग्रवाल के शुभ हाथों संपन्न हुआ। जानकारी के तहत, गुदमा माइनर पर मुख्य बांध का निर्माण पूरा हो चुका है। यह माइनर लगभग 500 मीटर लंबा है, जिसके अंतर्गत 90 एकड़ सिंचाई क्षेत्र शामिल है। इस माइनर के पूर्ण होने से आगामी वर्ष से क्षेत्र के किसानों को गर्मी के मौसम में भी सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### अंभोरा में नए सुपर पैसेज निर्माण की शुरुवात..

इसके अलावा अंभोरा गांव के समीप किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग को भी विधायक विनोद अग्रवाल ने पूर्ण करने का प्रयास किया है। क्षेत्र में स्थित पुराने और जर्जर पत्थर के सुपर पैसेज के स्थान पर नए निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्य की शुरुआत से क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

### बोले विधायक विनोद अग्रवाल..

विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा, अंभोरा गाँव स्थित ये पुराना सुपर पैसेज (पत्थर) निर्माण का था, जो समय के साथ अत्यंत खराब और जीर्ण अवस्था में पहुंच चुका था। इसके कारण पानी का भारी अपव्यय हो रहा था तथा सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। किसानों द्वारा लगातार नए और मजबूत निर्माण की मांग की जा रही थी। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नए सुपर पैसेज निर्माण कार्य को शुरू कर किसानों को राहत देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा, नए निर्माण कार्य के पूरा होने के बाद पानी के लीकेज पर रोक लगेगी तथा किसानों को सिंचाई के लिए समय पर और पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा। आधुनिक तकनीक के उपयोग से तैयार होने वाला यह नया स्ट्रक्चर लंबे समय तक टिकाऊ हो इस हेतु निर्माण के निर्देश दिए गए है। इन दोनों कार्य के शुभारंभ से गुदमा, अंभोरा एवं आसपास के क्षेत्र के किसानों में उत्साह का वातावरण है। किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था और खेती को बड़ा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर स्थानीय नागरिक, किसान, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जंगल में जमी थी जुआंरियों की गैंग, चल रहे थे हार जीत के दांव..

## गोंदिया पुलिस ने धावा बोलकर पकड़ा जुआरियो को.. 9 लोगो पर अपराध दर्ज कर जब्त किया कुल 6 लाख 70 हजार 270 रुपये का माल..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***अवैध कारोबार करने वाले तथा सटोरिये, जुआरी अपने शौक और कारोबार को करने के लिये पुलिस से बचने के लिये नए नए उपाय खोजते रहते हैं, लेकिन इसके बाद भी वो पुलिस की दबिश से बच नहीं पाते। ऐसे ही गोंदिया जिले के देवरी क्षेत्र के मौजा जमनापुर के झाड़ीदार जंगल में पहुंचकर बेखौफ होकर कुछ जुआरी 52 पत्तों के ताश***

का खेल खेलते हुए हार और जीत के दावं लगाने में मशगुल थे, लेकिन वहां भी पुलिस की टीम पहुंच ही गई, और जुआरियों को 52 पत्तों के साथ और उनकी मोटर सायकिल व नगदी व मोबाईल संहित समस्त राशि को जब्त कर लिया और आरोपियों पर अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक गोंदिया श्री गोरख भामरे के निर्देश तथा पुलिस निरीक्षक श्री पुरुषोत्तम अहेरेकर, एलसीबी गोंदिया के मार्गदर्शन में एलसीबी गोंदिया की पुलिस टीम 17/05/2026 को जिले में अवैध धंधों पर कार्रवाई हेतु पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि पुलिस स्टेशन देवरी क्षेत्र के मौजा जमनापुर के झाड़ीदार जंगल में कुछ लोग 52 पत्ती ताश पर पैसों की बाजी लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं।

### कुल 10 लोगों पर मामला दर्ज..

गोपनीय सूचना के आधार पर एलसीबी गोंदिया टीम ने मौजा जमनापुर जंगल क्षेत्र में छापा मारा। वहां निम्नलिखित 9 लोग जुआ खेलते पाए गए। इन 9 लोगों में 1. नदीम नईम शेख, उम्र 46 वर्ष, निवासी देवरी, 2. अविनाशसिंह श्रीसंत बहादुर, उम्र 38 वर्ष, निवासी बामणी चारभाटा, छत्तीसगढ़, 3. राजेश ज्ञानीराम पटले, उम्र 32 वर्ष, निवासी कन्हाळगांव देवरी, 4. सज्जाद शफी पठान, उम्र 34 वर्ष, निवासी साखरीटोला सालेकसा, 5. बालदीपसिंह निर्मलसिंह खानूजा, उम्र 34 वर्ष, निवासी देवरी, 6. जागेश्वर धनलाल कुत्तीर, उम्र 41 वर्ष, निवासी मुल्ला, 7. प्रतिमोल सुरेश डोंगरे, उम्र 21 वर्ष, निवासी सिंधीबीरी देवरी, 8. जसविंदसिंह जोगेंद्रसिंह भाटिया, उम्र 55 वर्ष, निवासी देवरी तथा 9. सपुरणसिंह अवतारसिंह भाटिया, उम्र 65 वर्ष, निवासी देवरी को पुलिस ने धर दबोचा। तथा पंचों की मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से 1,26,850 रुपये नकद, 4 मोटर साइकिल, 11 एंड्रॉइड मोबाइल और जुआ खेलने का सामान बरामद किया गया। कुल जब्त माल की कीमत 6,70,270 रुपये बताई गई है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह जुआ विजय मडावी, निवासी देवरी द्वारा संचालित कराया जा रहा था। इसके आधार पर उपरोक्त 9 आरोपियों सहित विजय मडावी के खिलाफपुलिस थाना देवरी में अपराध क्रमांक 191/2026, धारा 12(अ) महाराष्ट्र (मुंबई) जुआ प्रतिबंधक अधिनियम 1887 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच पुलिस थाना देवरी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार की जा रही है।

### इनका रहा सराहनीय योगदान..

यह सफल छापामार कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री गोरख भामरे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभय डोंगरे, गोंदिया के निर्देशानुसार तथा पुलिस निरीक्षक श्री पुरुषोत्तम अहेरेकर, एलसीबी गोंदिया के मार्गदर्शन में पोहवा तुलसीदास लुटे, दिक्षीतकुमार दमाहे, संजय चौहान, प्रकाश गायधने, सुबोध बिसेन, इंद्रजीत बिसेन, भोजराज बहेकार, पुलिस शिपाई सुनील डहाके, राकेश इंदूरकर एवं छगन विठ्ठले, एलसीबी गोंदिया की टीम द्वारा की गई।

# भोजशाला फैसले का गोंदिया में स्वागत, पंवार क्षत्रिय महासभा द्वारा जयस्तंभ चौक पर आतिशबाजी



जगप्रेरणा गोंदिया।

***मध्यप्रदेश के धार स्थित ऐतिहासिक 'भोजशाला' के संबंध में न्यायालय द्वारा दिए गए ऐतिहासिक फैसले का गोंदिया में जोरदार स्वागत किया गया। राष्ट्रीय पंवार क्षत्रिय महासभा की ओर से इस निर्णय को 'न्यायपर्व'***

और 'धर्म विजय उत्सव' के रूप में मनाते हुए स्थानीय जयस्तंभ चौक पर पटाखे फोड़कर और आतिशबाजी कर विजयोत्सव मनाया गया। इस उत्सव की शुरुआत जयस्तंभ चौक पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए की गई।

इस विजयोत्सव में पूर्व सांसद डॉ. खुशाल बोपचे, पंवार प्रगतिशील मंच के अध्यक्ष यू.टी. बिसेन, पूर्व जि.प. सभापति संजयसिंह टेंभरे, न.प. उपाध्यक्ष संतोष पटले, ह.भ.प. ठाकुर गुरुजी, एड. टी. बी. कटरे, शिक्षण संस्था के अध्यक्ष सुरेश भक्तवर्ती, प्रो. किशोर भगत, केतन तुरकर, शिशिर कटरे, योगेश ठाकरे, एड. पृथ्वीराज चव्हाण, पं.स. सभापति मुनेश रहांगडाले, राजकुमार पप्पू पटले, मंजुषा हरिणखेड़े, भागचंद रहांगडाले, महेंद्र बिसेन, देवचंद बिसेन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

भोजशाला पर न्यायालय के निर्णय पर पंवार समाज सदस्यों ने कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 15 मई 2026 को दिए अपने फैसले में भोजशाला को सनातन आस्था और संस्कृति का केंद्र स्वीकार करते हुए सत्य की पुनर्स्थापना की है। न्यायालय ने लंदन ले जाई गई माता सरस्वती (वाग्देवी) की मूर्ति को वापस लाकर भोजशाला में उसकी पुनर्स्थापना करने के महत्वपूर्ण आदेश भी दिए हैं। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त किए और समाज की एकता के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पवार प्रगतिशील मंच, शिक्षण संस्था, पंवार स्वर्गरथ समिति और राजाभोज उत्सव समिति आदि ने विशेष प्रयास किए।







स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com